RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 17 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 07 जनवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# तिब्बत में भूकंप से भारी तबाही

## 53 से ज्यादा लोगों की मौत, 5 देशों में महसूस किए गए झटके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिब्बत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इलाके में कई मकान मलबे में तब्दील हो गए हैं। भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर के साथ ही पांच देशों में महसूस किए गए।



इस भीषण भूकंप में 53 से अधिक लोगों की मौत हो गई। जबकि 62 लोग घायल हुए हैं।

चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार मंगलवार सुबह 9:05 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 6.8 मापी गयी।

चीन की सरकारी मीडिया के मुताबिक तिब्बत के शिजांग शहर के डिंगरी काउंटी में 6.8 तीव्रता के भूकंप में 53 लोगों की मौत हुई है। 62 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। इससे पहले नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही तिब्बत क्षेत्र के शिजांग में भूकंप झटके महसूस किए जा रहे हैं। यहां सुबह 6ः30 बजे 7.1 तीव्रता के साथ 10 किमी गहराई पर भूकंप आया। इसके बाद 7ः02 बजे 4.7 तीव्रता, 07ः07 बजे 4.9 तीव्रता और 7:13 बजे पांच तीव्रता का भूकंप आया। इसके चलते लोग घरों को छोड़कर खुले स्थानों की ओर चले गए।

नेपाल की सीमा से सटे तिब्बत के पहाड़ी क्षेत्र शिजांग में मंगलवार सुबह एक घंटे के अंदर आए 6 सिलसिलेवार भूकंप आए, जिसमें रिक्टर स्केल पर 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप भी शामिल था. न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक भूकंप के कारण तिब्बत में जानमाल का नुकसान हुआ है और करीब 53 लोगों की मौत हुई है. भूकंप ने तिब्बत के शिगात्से शहर में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है. कई इमारतों समेत इंफ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है.

चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि शिजांग स्वायत्त क्षेत्र (तिब्बत) के डिंगरी काउंटी में आए 7.1 तीव्रता के भूकंप में 53 लोगों की मौत हुई है और 62 घायल हुए हैं. भारत, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के कई इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. सिक्किम समेत पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों, बिहार और पश्चिम बंगाल समेत उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. नेपाल की राजधानी काठमांडू में तेज झटके महसूस होने के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों और खुले स्थानों की ओर भाग गए।



## हैप्पी ऑवर्स रेस्टोरेंट में लाइसेंस बिना पिलाई शराब

**नोएडा (चेतना मंच)।** सोरखा गांव स्थित हैप्पी ऑवर्स रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस शराब पिला रहे संचालक को आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सर्किल दो के आबकारी निरीक्षक रवि जायसवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर 115 सोरखा में स्थित हैप्पी ऑवर्स रेस्टोरेंट में एफएल 11 ऑकेजनल बार लाइसेंस के बिना अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम रेस्टोरेंट पर पहुंची। विभाग की टीम को यहां कुर्सी टेबल पर बैठे लोग खुलेआम शराब पीते हुए दिखाई दिए। उन्होंने जब रेस्टोरेंट के काउंटर पर बैठे अश्वनी मिश्रा से शराब पिलाने का लाइसेंस मांगा तो वह दिखा नहीं पाया। मौके से शराब की भरी व खाली बोतले बरामद हुई। अश्वनी मिश्रा ने बताया कि वह बिना लाइसेंस के अपने रेस्टोरेंट में ग्राहकों को शराब पिलाकर मुनाफा कमाता है आबकारी विभाग की टीम ने अश्वनी मिश्रा को हिरासत में ले कर थाना सेक्टर 113 पुलिस के हवाले कर दिया। उन्होंने अश्वनी मिश्रा के खिलाफ बिना लाइसेंस के रेस्टोरेंट में शराब पिलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

## गारमेंट्स की दुकान में लगी आग, महिला की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 के छिजारसी गांव में स्थित रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान के प्रथम तल पर यह हादसा हुआ। दुकान में सो कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भयंकर थी कि




एक गारमेंट्स दुकान के प्रथम तल में अचानक लगी भीषण आग ने एक महिला की जान चली गई। जबकि उसका पति गंभीर रूप से झुलस गया।

पुलिस के अनुसार छिजारसी में स्थित के.एस. क्लॉथ हाउस एंड रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान के प्रथम तल पर यह हादसा हुआ। दुकान में सो रहे दंपति आग की चपेट में आ गए। 35 वर्षीय विनीता धुएं में फंसने के कारण दम घुटने से मौत हो गई, जबकि उनके पति को बचा लिया गया। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भयंकर थी कि दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## प्रताड़ना के बाद बहन ने की आत्महत्या, बहनोई पर लगाये गंभीर आरोप

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 39 में एक व्यक्ति ने अपनी बहन की आत्महत्या के मामले में बहनोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि उसके बहनोई ने उसकी बहन को इस कदर प्रताड़ित किया कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मूल रूप से संभल के रहने वाले वसीम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन का निकाह 26 सितंबर 2024 को जिला बरेली निवासी मोहम्मद नाजिम के साथ हुआ था। शादी के बाद मोहम्मद नाजिम उसकी बहन को नोएडा के छलेरा गांव लेकर आया और यही किराए पर रहने लगा। इस दौरान उसकी बहन ने बताया कि मोहम्मद नाजिम आए दिन उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करता है।

उन्होंने कई बार मोहम्मद नाजिम को समझाया लेकिन उसके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आए दिन की मारपीट व गाली गलौज से परेशान होकर उसकी बहन ने 5 जनवरी को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ट्रक में पीछे से घुसी कार, महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बादलपुर क्षेत्र के ईस्टर्न पेरिफेरल पर तेज गति में जा रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रही मारुति कार की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए।

नई बस्ती बिजनौर निवासी राघव भारद्वाज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 6 जनवरी को मथुरा से बिजनौर अपने घर जा रहे थे। उनकी कार जब कुड़ी खेड़ा गांव के सामने ईस्टर्न पेरिफेरल पर पहुंची तो आगे जा रहा ट्रक का चालक उसे खतरनाक तरीके से चला रहा था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## मोबाइल लुटेरा मुठभेड़ में घायल

**नोएडा (चेतना मंच)।** लूट व चोरी की वारदात को अंजाम देने



वाले एक बदमाश को थाना सेक्टर 113 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। इसके पास से लूटे गए मोबाइल फोन व अवैध असलाह बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस ए एनजी कट के पास संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान ककराला की तरफ से पैदल आ रहा (शेष पृष्ठ-4 पर)

## शराब के नशे में चाकू से महिला पर हमला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में शराब के नशे में एक युवक ने पड़ोसी महिला के साथ गाली गलौज और मारपीट की। महिला का बेटा जब बीच बचाव के लिए पहुंचा तो आरोपी ने महिला पर चाकू से वार कर दिया।

मूल रूप से जनपद गोंडा के रहने वाले राधेश्याम ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में अपने परिवार के साथ सर्फाबाद गांव में किराए पर रह रहा है।

5 जनवरी को उसकी पत्नी बाथरूम गई थी। जब वह बाथरुम से बाहर आई तो पड़ोस में रहने वाला आलोक शराब के नशे में उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## किसके सिर बंधेगा नोएडा महानगर अध्यक्ष का ताज!



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चल रहे सांगठनिक चुनावों के क्रम में अब जिला तथा नोएडा महानगर अध्यक्ष पद पर सभी की निगाहें टिकी है।। भाजपा का हर कार्यकर्ता यह जानने को उत्सुक है कि अगला अध्यक्ष का ताज किसके सर बंधेगा?

यू तो भाजपा में नोएडा महानगर का अध्यक्ष बनने वाले दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है। आज से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 9 जनवरी तक चलेगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक 22 जनवरी तक महानगर अध्यक्ष का नाम तय हो जाएगा।

इस दौड़ में सबसे पहला नाम वर्तमान अध्यक्ष मनोज गुप्ता का है। यदि तकनीकी तौर पर उनके दूसरे कार्यकाल को सेवा विस्तार माना गया तो इस बार इस पद पर उनके ताजपोशी की भी प्रबल संभावना है। यदि उनके दोनों कार्यकाल को जोड़ा गया तो शायद उनको यह सुअवसर न मिल सके।

इस दौड़ में मनोज गुप्ता के बाद सांसद प्रतिनिधि संजय बाली का नाम आता है। वे इस पद के लिए गंभीर दावेदारी कर रहे हैं।दो दशक से भी अधिक समय से वे पार्टी में सक्रिय रहे हैं तथा विभिन्न पदों की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं।

तीसरा नाम वर्तमान में संगठन में महासचिव उमेश त्यागी का आता है। वे भी गंभीर रूप से दावेदारी कर रहे हैं। उमेश त्यागी भी पार्टी के सक्रिय सदस्य व कर्मठ कार्यकर्ता रहे हैं। वे विभिन्न पदों पर भी पार्टी की जिम्मेदारी का निर्वहन सफलता पूर्वक करते आ रहे हैं। दावेदारों की फेहरिस्त में पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश शर्मा, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ज्योति रबर उद्योग के संस्थापक की धर्मपत्नी निशा जैन का निधन

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवीतथा ज्योति रबर उद्योग के संस्थापक स्वर्गीय राजेन्द्र जैन की धर्मपत्नी श्रीमती निशा जैन (76) का कल निधन हो गया। सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पुत्र विकास जैन तथा विशाल जैन समेत भरापूरा परिवार छोड़ गईं। उनके भतीजे तथा कांग्रेस पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रही थीं। उनके अंतिम संस्कार में शहर के उद्योगपति, समाजसेवी, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, पत्रकार आदि मौजूद थे। इस दु:ख की घड़ी में दैनिक चेतना मंच शोक संतृप्त परिवार के साथ खड़ा है।



## बदमाशों पर पुलिस का प्रहार दो मुठभेड़ में तीन गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नए साल में गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस बदमाशों पर कहर बनकर टूट रही है। बीती रात्रि ग्रेटर नोएडा के दो थाना क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से तीनों बदमाश घायल हो गए। बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस, बाइक बरामद हुई है।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना दनकौर पुलिस द्वारा सलारपुर अंडरपास के पास चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने बाइक पर आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। बाइक सवारो ने रुकने के बजाय पुलिस पार्टी पर फायर किया और भागने लगा। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार को गोली लगी और घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मोहित उर्फ भीमा पुत्र सोमवीर निवासी ग्राम पारोली जनपद बुलंदशहर बताया। इसके पास से तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुई। पकड़े गए मोहित उर्फ भीमा ने बताया कि उसने 28 दिसंबर को एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान उसने गृह स्वामी के साथ मारपीट भी की थी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा




फ़ोन .08750611103



**शोक संदेश**

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी माता जी श्रीमती निशा जैन पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन का स्वर्गवास दिनांक **06 जनवरी 2025 (सोमवार)** को हो गया।

**दिनांक:** 8 जनवरी 2025 (बुधवार)
**उठावनी:** सुबह 11:00 बजे
**रस्म पगड़ी / तेरहवीं:** दोपहर 01:00 बजे
**स्थान:** महाराजा अग्रसेन भवन,
A 6, सेक्टर 33, नोएडा, उत्तर प्रदेश (इस्कॉन मंदिर के पास)

**शोकाकुल परिवार**
विकास जैन-पारुल जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
विशाल जैन-रिंकल जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
मीनाक्षी गर्ग (पुत्री)
सपना जैन-रोहित जैन (पुत्री-दामाद)
सिद्धार्थ, खुशी, तनिष्क, कलश (पौत्र-पौत्री)
सत्यम, श्रेया, यशिका, पाखी, पुर्ति (नाती- नातिन)

**समस्त ज्योति परिवार**
**संपर्क सूत्र**- 9911417169, 9811009299

## जोखिम में बचपन

निस्संदेह, डिजिटल दौर ने बच्चों के जीवन को गहरे तक प्रभावित किया है। आज सोशल मीडिया युवाओं के संवाद का अभिन्न माध्यम बन गया है। लेकिन इसके साथ तमाम तरह के जोखिम भी जुड़े हैं, जिनसे किशोरों को बचाने की सख्त जरूरत है। भारत में वर्ष 2023 में लाए गए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा एक सराहनीय कदम है। दुनिया के विभिन्न देशों में ऐसे कानून पहले से ही मौजूद हैं। यूरोपीय संघ के जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन के लिये सोलह साल से कम उम्र के उपयोगकर्ताओं के लिये माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। वहीं यूएस चिल्ड्रन ऑनलाइन प्राइवेसी प्रोटेक्शन एक्ट में 13 वर्ष के उपयोगकर्ताओं के लिये कड़े नियम लागू किए गए हैं। दरअसल, इन कानूनों का मकसद नाबालिगों को साइबर बुलिंग, शोषण व गोपनीयता के उल्लंघन से बचाना है। भारतीय कानून में भी इन नियमों का ध्यान रखा गया है। दरअसल, इन प्रावधानों की जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही है कि पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को बताया। दरअसल, भारत के प्रस्तावित नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को फुलप्रूफ बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिये सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। इस दिशा में स्थायी परिवर्तन के लिये माता-पिता, शिक्षक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर तालमेल बनाना वक्त की जरूरत है। साथ ही बच्चों को विवेकशील बनाने की दिशा में पहल की जानी चाहिए ताकि वे अपना भला-बुरा समझ सकें। इस दिशा में निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसियों की सजगता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह एक गंभीर विषय है और गंभीरता के साथ चुनौती का सामना करने की जरूरत बताता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि पार्वतीजी को जगदम्बा और शिवजी की पत्नी समझकर देवताओं ने मन ही मन प्रणाम किया। भवानीजी सुंदरता की सीमा हैं। करोड़ों मुखों से भी उनकी शोभा नहीं कही जा सकती॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कोटिहुँ बदन नहिं बनै बरनत जग जननि सोभा महा।**
**सकुचहिं कहत श्रुति सेष सारद मंदमति तुलसीकहा॥**
**छबिखानि मातु भवानि गवनीं मध्य मंडप सिव जहाँ।**
**अवलोकि सकहिं न सकुच पति पद कमल मनु मधुकरु तहाँ॥**

जगज्जननी पार्वतीजी की महान शोभा का वर्णन करोड़ों मुखों से भी करते नहीं बनता। वेद, शेषजी और सरस्वतीजी तक उसे कहते हुए सकुचा जाते हैं, तब मंदबुद्धि तुलसी किस गिनती में है? सुंदरता और शोभा की खान माता भवानी मंडप के बीच में, जहाँ शिवजी थे, वहाँ गईं। वे संकोच के मारे पति (शिवजी) के चरणकमलों को देख नहीं सकतीं, परन्तु उनका मन रूपी भौंरा तो वहीं (रसपान कर रहा) था।

**दो0- मुनि अनुसासन गनपतिहि पूजेउ संभु भवानि।**
**कोउ सुनि संसय करै जनि सुर अनादि जियँ जानि॥**

मुनियों की आज्ञा से शिवजी और पार्वतीजी ने गणेशजी का पूजन किया। मन में देवताओं को अनादि समझकर कोई इस बात को सुनकर शंका न करे (कि गणेशजी तो शिव-पार्वती की संतान हैं, अभी विवाह से पूर्व ही वे कहाँ से आ गए?)॥

**जसि बिबाह कै बिधि श्रुति गाई। महामुनिन्ह सो सब करवाई॥**
**गहि गिरीस कुस कन्या पानी। भवहि समरपीं जानि भवानी॥**

वेदों में विवाह की जैसी रीति कही गई है, महामुनियों ने वह सभी रीति करवाई। पर्वतराज हिमाचल ने हाथ में कुश लेकर तथा कन्या का हाथ पकड़कर उन्हें भवानी (शिवपत्नी) जानकर शिवजी को समर्पण किया॥ (क्रमशः..)

# आदमी अब घर से बाहर क्या खाएं?

> **आज लोगों का घर से निकलना, घूमना, यात्र करना, विभागीय कार्य से बाहर जाना आम बात है। इन लोगों को ऐसे में घर से बाहर ढ़ाबों, होटल और फास्ट फूड सैंटर से ही पेट भरना होता है। बाजार में नकली दूध पनीर की पहले ही शिकायत रही हैं।**

हाल में खबर आई है कि आगरा में 18 प्रसिद्ध और बड़ी कंपनियों के नाम से नकली घी तैयार हो रहा था। तैयार घी की पूरे यूपी समेत कई प्रदेशों में सप्लाई होती थी। इस घी से बाजार में फास्ट फूड तैयार होते हैं। पहले भी समयङ्कसमय पर नकली घी पकड़ा जाता रहा है। बाजार में पनीर, दूध, मावा और अन्य खाद्य पदार्थ के नकली होने की शिकायतें मिलती रहती हैं। आटा, दाल और अन्य खाद्य सामान भी घटिया क्वालिटी का पकड़ा जाता रहा है। पिछले कुछ समय से खाने या पानी में थूकने, पेशाब करने, खाने के बर्तन को नाली के पानी में धोने की शिकायते रहीं हैं। ऐसे में प्रश्न पैदा होता है कि आदमी घर से बाहर अब क्या खाएं? सफर में पेट भरने के लिए आदमी क्या करें? क्या हमें पुरानी स्थिति पर जाना होगा, जब आदमी घर से ही खाना लेकर चलता था। घर का खाना खत्म होने पर फल खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का नहीं खाता था। या अब उसे घर से बड़ी कंपनियों के रेटीमेड फूट पैकेट लेकर चलने होंगे?

आगरा के ताजगंज के मारुति सिटी रोड पर नवविकसित कॉलोनी के प्लॉट में नकली देसी घी तैयार करके पूरे प्रदेश में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस और एसओजी की टीम ने छापा मारकर अमूल, मधुसूदन, पतंजलि सहित 18 मशहूर ब्रांडों के नाम की पैकिंग में नकली देसी घी जब्त किया है। इसमें रिफाइंड व अन्य कैमिकल की मिलावट की जा रही थी। फैक्टरी के मैनेजर सहित पांच लोग गिरफ्तार किए हैं।

डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि मारुति सिटी रोड पर मारुति प्रभासम कॉलोनी में राजेश अग्रवाल नामक व्यक्ति के प्लॉट में टिन शेड डालकर फैक्टरी संचालित की जा रही थी। प्लॉट किराए पर ले रखा था। पूछताछ में बताया गया कि ग्वालियर निवासी बृजेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, नीरज अग्रवाल का प्योर इट के नाम से देसी घी का ब्रांड है। उन्होंने करीब छह माह पूर्व फैक्टरी खोली थी। कॉलोनी के राजेश भारद्वाज को मैनेजर बनाया था। बाजार से जिस ब्रांड की डिमांड मिलती थी, उसी ब्रांड के स्टिकर लगाकर टिन और डिब्बों में पैक कर दिया जाता था।

प्रेस को यह भी बताया गया कि फैक्टरी में भारी मात्रा में बना हुआ घी, कच्चा माल, कई कंपनियों के स्टीकर, प्रयोग की जाने वालीं मशीन, पैकिंग मशीन आदि बरामद की गई हैं। बरामद माल की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। पुलिस फैक्टरी के संचालक और कर्मचारियों के विरुद्ध अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर रही है। एफएसडीए की टीम को भी कार्रवाई के लिए बुलाया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि छापे से कुछ देर पहले ही नकली देसी घी के 50 टिन की खेप मेरठ भेजी गई थी। इस माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि नकली देसी घी प्रदेश के अलावा आसपास के राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था।

पॉम आयल, रिफाइंड, वनस्पति और एसेंस से तैयार हो रहा था। सुगंध असली घी जैसी और दाने भी रवेदार, एकबारगी तो पुलिस टीम को भी असली घी का भ्रम हुआ। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि वह खुद मौके पर पहुंचे। सबसे पहला सवाल यह किया कि घी कैसे बनाते थे। आरोपियों ने बताया कि देसी घी की लोगों को पहचान नहीं है। कोई खुशबू देखता है तो कोई दाने। वो लोग पॉम ऑयल, रिफाइंड, वनस्पति घी, कैमिकल को मिलाकर देसी घी तैयार किया करते थे। उसमें एसेंस मिलाते थे। ताकि खुशबू आए। मौके से एक्सपाइरी डेट का रिफाइंड भी मिला। पुलिस ने आरोपियों से पूछा कि इसको क्यों खरीदा। मजदूरों ने बताया कि एक्सपाइरी डेट का माल सस्ता मिलता है। जब वे देसी घी बनाते थे तो इस रिफाइंड का भी प्रयोग करते थे।

आगरा पुलिस के अनुसार बिल्टियों की जांच में पता चला कि नकली देसी घी को राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, असम व बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा शहरों के फास्ट फूड बाजारों में सीधे बेचा जाता था। इसी घी से डोसा, भल्ले, समोसे और आमलेट तक बनाया जाता था। खाद्य और औषधि विभाग ग्वालियर के अनुसार रामनाथ अग्रवाल व उनके परिवार के लोग पहले नकली घी के कारोबार में लिप्त थे और रासुका भी लगी थी।2010 के बाद से इन्होंने



ग्वालियर छोड़ दिया था।

इससे पहले 24 नवंबर 2023 को दिल्ली पुलिस ने द्वारका में एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, जहां मिलावटी घी बनाया जाता था और उसे पतंजलि, मदर डेयरी और अमूल जैसे ब्रांड का स्टिकर लगे हुए कंटेनर में भरकर बेचा जाता था। बाबा रामदेव की नामी-गिरामी कंपनी पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग के द्वारा साल 2021 में दीपावली के पर्व पर टिहरी जनपद के घनसाली में एक दुकान से सैंपल भरा गया था। इसके बाद सैंपल को राज्य की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया तो, सैंपल फेल पाया गया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा कंपनी को नोटिस जारी किया तो, कंपनी ने राज्य की लैबोरेट्री को रिपोर्ट को गलत साबित किया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा केंद्रीय प्रयोगशाला में सैंपल भेजा गया तो केंद्रीय प्रयोगशाला में भी बाबा रामदेव की पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल फेल पाया गया।

आज लोगों का घर से निकलना, घूमना, यात्र करना, विभागीय कार्य से बाहर जाना आम बात है। इन लोगों को ऐसे में घर से बाहर ढ़ाबों, होटल और फास्ट फूड सैंटर से ही पेट भरना होता है। बाजार में नकली दूध पनीर की पहले ही शिकायत रही हैं। अन्य खाद्य पदार्थ की भी शुद्धता की कोई गारंटी नही। बिजनौर जनपद के चांदपुर क्षेत्र में पिछले साल नवरात्रि के अवसर पर बाजार में बिक रहे घटिया क्वालिटी का कूटू का आटा का खाकर काफी व्यक्ति पहले ही बीमार पड़ चुकें हैं। पिछले एक डेढ़ वर्ष से शिकायत मिल रही हैं कि कुछ लोग खाने में थूक रहे हैं। फलों पर पेशाब डालकर छिड़क रहे हैं। ब्रेड में थूका जा रहा है। खाने की सामग्री अपवित्र कर बेची जा रही है।

मानव की फितरत रही है कम पैसा लगाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाना। उसे इससे कोई मतलब नहीं कि उसके द्वारा उत्पादित खाद्य सामग्री खाने से खाने वाले पर क्या असर पड़ेगा। नकली सामान तैयार करने वालों को इससे कोई लेना-देना नहीं कि उनके द्वारा तैयार नकली और निम्न क्वालिटी के सामान के प्रयोग करने वाला बीमार होगा या नहीं। क्या असर होगा। वह मरेगा या जिएगा।

इसे मिलावट को रोकने के लिए सरकार का आगे आना होगा। मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी और आजीवन कारावास जैसी सजा, संपत्ति की जब्ती जैसी कार्रवाई अमल में लानी होगी। भोजन को अशुद्ध करने के मामले में धर्म गुरूओं को आगे आकर जनचेतना पैदा करनी होगी। यदि ऐसा न हुआ तो हो सकता है, कि आने वाले समय में आदमी आज से 100 साल पीछे की हालत में चला जाए। यह घर से खाना और सफर में तैयार किए जाने वाले खाने का सामान लेकर चलता। इस सामान के खत्म होने पर यह विवशता में फल आदि खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का कुछ नही खाता था। यह भी हो सकता है कि आने वाले समय में सफर पर जाने वाला अपने साथ बड़ी कंपनी की तैयार खाद्य सामग्री लेकर चले और सफर में उसी से उदर पूर्ति करें।

**- अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## नए वर्ष में बेहतर होगी आर्थिकी

यकीनन वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संगठनों के द्वारा नए वर्ष 2025 की आर्थिक संभावनाओं पर प्रकाशित विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक नया वर्ष 2025 भारत के लिए उजली आर्थिक संभावनाओं वाला वर्ष होगा। नए वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था बीते वर्ष 2024 से मिली आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ेगी और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होगी। यदि हम नए वर्ष 2025 को बीते वर्ष 2024 से मिलने वाली आर्थिक विरासत को देखें तो पाते हैं कि इस विरासत में जहां कई चुनौतियां हैं, वहीं विकास के कई मजबूत आर्थिक आधार भी हैं। यद्यपि बीते वर्ष 2024 की शुरुआत 8 फीसदी विकास दर के साथ हुई थी, लेकिन बीते वर्ष की जुलाई से सितंबर की तिमाही में महज 5.4 फीसदी की विकास दर के कारण कई आर्थिक गणित गडबड़ा गए। बीते वर्ष में भारत के आर्थिक परिदृश्य पर प्रमुखतया महंगाई तथा रोजगार चिंताजनक मुद्दे रहे हैं। महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें लगभग अधिकांश महीनों में बनी रहीं। खासतौर से नवंबर 2024 के बाद एक बार फिर थोक एवं खुदरा महंगाई बढने लगी और महंगाई रिजर्व बैंक के निर्धारित दायरे से बाहर रही। बीते वर्ष में यद्यपि शहरी बेरोजगारी में कमी आई, लेकिन असंगठित सेक्टर में रोजगार के मौके घट गए। बीते वर्ष में विदेश व्यापार घाटा भी बढ़ा। बीते हुए वर्ष में रुपया वर्षभर लुढक़ता रहा।

वर्षभर डॉलर की तुलना में रुपए की कीमत घटती गई और दिसंबर 2024 में डॉलर के मुकाबले रुपया लुढक़कर 85 से भी नीचे के स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2024 में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कभी कमी तो कभी वृद्धि होती रही। दिसंबर 2024 में विदेशी मुद्रा कोष घटते हुए करीब 652 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। निश्चित रूप से नए वर्ष 2025 को पिछले बीते वर्ष से आर्थिक विकास के ठोस आधार भी मिले हैं। अर्थविशेषज्ञ एक मत से कारोबारी और वित्तीय ऊंचाई को लेकर आशावादी हैं और वे विकास मूलक संकेत देते हुए देश की मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि कृषि, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन को तेज रफ्तार मिलेगी। नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं व नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) आकार लेते हुए दिखाई देंगे।

खासतौर से सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड आदि क्षेत्रों में तेज विकास होगा। इससे रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई देंगे। नए वर्ष 2025 में सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाइयों पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही सोना, चांदी के भावों की नई उड़ान भी दिखाई देगी। गौरतलब है कि नए वर्ष 2025 में स्थानीय और घरेलू बाजार की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। पिछले 10 साल में देश जिस तेजी से आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आगे बढ़ा है, उससे नए वर्ष में देश अधिक लाभान्वित होगा। डेलॉइट इंडिया की इंडियाज होम एंड हाउसहोल्ड मार्केट रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा और इस तेज गति से वर्ष 2030 तक भारत का घरेलू बाजार लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निश्चित रूप से नए वर्ष में देश के कोने-कोने में मेक इन इंडिया अभियान की शक्ति बढ़ेगी। साथ ही भारत दुनिया में सबसे अधिक मांग वाला तीसरा बड़ा विनिर्माण गंतव्य भी उभरकर दिखाई देगा। देश में चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए लागू प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेटिव (पीएलआई) स्कीम के और अधिक अच्छे परिणाम मिलते हुए दिखाई देंगे।

निस्संदेह नए वर्ष 2025 में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। देश में कृषि उन्नयन, खेती में नवाचार को प्रोत्साहन देने, लागत को कम करते हुए उत्पादन के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का अभूतपूर्व अभियान आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को बीते हुए वर्ष से जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे नए वर्ष में ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ेगी, ग्रामीण इलाकों में खपत भी बढ़ेगी। देश में कृषि क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ेगा। ज्ञातव्य है कि फसल वर्ष 2023-24 में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 32.22 करोड़ टन के स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2023-24 में गेहूं और चावल का अधिक उत्पादन हुआ है। गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन 1132.92 लाख टन और चावल का उत्पादन 1378.25 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया। यह अनुमान किया गया है कि सरकार की नई कृषि विकास रणनीति से नए वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाएगा। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नए वर्ष 2025 में भारत में कर संग्रह में तेज वृद्धि होगी। उद्योग-कारोबार में बेहतरी से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि होगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फसदी बढक़र 14.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसी प्रकार मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में बीते हुए वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7.28 आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। इसमें कोई दो मत नहीं है कि नए वर्ष में दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि होगी।

सरकार की वित्तीय नियंत्रण की नीतियों से नए वर्ष 2025 में भारत राजकोषीय घाटा नियंत्रण में सफल रहते हुए दिखाई देगा। हम उम्मीद करें कि जनवरी 2025 में ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका द्वारा चीन पर भारी व्यापार प्रतिबंधों की संभावना से भारत के नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश बनने की संभावना बढ़ेगी। नए वर्ष में भारतीय शेयर बाजार की राह कठिन नहीं होगी, शेयर बाजार को सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंचाने में घरेलू फंडों की अहम भूमिका होगी और कारपोरेट आय को बढ़ावा मिलेगा। हम उम्मीद करें कि नए वर्ष 2025 में सरकार के द्वारा आर्थिक और वित्तीय सुधारों, कृषि सुधारों, मेक इन इंडिया, निर्यात बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों की आमदनी बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हम उम्मीद करें कि नए वर्ष में भारत की विकास दर 7 फीसदी के स्तर पर होगी और इस समय जो भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, नए वर्ष 2025 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगा और ऐसे तेज आर्थिक विकास से नए वर्ष में देश के आम आदमी के चेहरे पर भी आर्थिक मुस्कराहट बढ़ेगी।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

## राशिफल

**पौष शुक्ल पक्ष अष्टमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य मध्यम। मानसिक स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार आपका सही चलेगा। हरी वस्तु पास रखें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। गृहकलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम-संतान भी मध्यम है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भुजा से लेकर नाक,कान और गला की परेशानी दिख रही है। व्यापार में नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन हानि के संकेत हैं। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मानसिक स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा, प्रेम-संतान मध्यम।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सिर दर्द,नेत्र पीड़ा, धन हानि, प्रेम-संतान ठीक है। व्यापार लगभग ठीक रहेगा। हरी वस्तु पास रखें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। असमंजस वाले समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। कोई नए व्यापार की शुरुआत न करें। व्यापारिक स्थिति अभी मध्यम रहेगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
मकर राशि की स्थिति थोड़ी मध्यम दिख रही है। यात्रा में कष्ट संभव है। अपमानित होने का भय रहेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। चोट-चपेट लग सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम-संतान मध्यम है। जीवनसाथी का साथ, सानिध्य और स्वास्थ्य सब मध्यम है।

# राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने के लिए फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया




**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय पक्षी दिवस के उपलक्ष्य में, यूपी राज्य जैव विविधता बोर्ड ने, शीविंग्स फाउंडेशन के सहयोग से ओखला पक्षी अभयारण्य में एक उल्लेखनीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

दिन की शुरुआत प्रसिद्ध गौरैया संरक्षणवादी शिखा शुक्ला के नेतृत्व में घोंसला बनाने पर एक विशेष सत्र के साथ हुई। शिखा ने जोर देकर कहा कि पक्षी हमारे पारिस्थितिक तंत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और कई प्रजातियां विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम उनके आवास की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाएं।

गौतम बुद्ध नगर के जिला वन अधिकारी (डीएफओ) पीके श्रीवास्तव ने भी सभा को संबोधित करते हुए पक्षी प्रजातियों के संरक्षण की तात्कालिकता पर जोर दिया।

इसके बाद एमिटी विश्वविद्यालय के छात्र ओखला पक्षी अभयारण्य की समृद्ध जैव विविधता की खोज करते हुए प्रकृति की सैर पर निकले। उन्होंने प्रवासी और निवासी पक्षी प्रजातियों की रक्षा में अभयारण्य की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में सीखते हुए विविध वनस्पतियों और जीवों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। वॉक के दौरान, छात्रों ने एक पक्षी फोटोग्राफी प्रतियोगिता में भी भाग लिया, जिसमें उन्होंने जिन पक्षियों का सामना किया उनकी सुंदरता और सार को कैद किया।

# चौधरी हर्ष मुकद्दम बने सपा के दादरी विधानसभा उपाध्यक्ष

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के दादरी विधानसभा अध्यक्ष रोहित मत्ते गुर्जर ने जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी की अनुमति से अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गांव सादोंपुर निवासी चौधरी हर्ष मुकद्दम को दादरी विधानसभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

चौधरी हर्ष मुकद्दम पिछले चार वर्षों से पार्टी को मजबूत बनाने के लिए संघर्ष कर रहे है। उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए पार्टी ने उन्हें इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने बताया कि चौधरी हर्ष मुकद्दम पार्टी की लगातार समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे हैं और निरंतर पार्टी से लोगों को जोड़ रहे हैं। उनकी कर्तव्य निष्ठा देखते हुए पार्टी ने उन्हें दादरी विधानसभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर चौधरी हर्ष



मुकद्दम ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी और विधानसभा अध्यक्ष रोहित मत्ते गुर्जर का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी में जो उन्हें जिम्मेदारी मिली है उसका निर्वाह वह पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ करेंगे तथा पार्टी को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करेंगे।

# सेक्टर 11 आरडब्ल्यूए ने कराया क्रिकेट टूर्नामेंट



**नोएडा।** सेक्टर 11 आरडब्ल्यूए द्वारा सेक्टर-11 के बारात घर में एक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 6 टीमों ने भाग लिया।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट में एन और टी ब्लॉक की एक टीम, पी ब्लॉक की दूसरी टीम, आर ब्लॉक की तीसरी टीम, एल ब्लॉक की चौथी टीम, पांचवी टीम के ब्लॉक की और छठवीं टीम धवलगिरी एस ब्लॉक और के ब्लॉक की थी। फाइनल मैच आर ब्लॉक और एल ब्लॉक की टीम के बीच खेला गया। एल ब्लॉक टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 6 ओवर में 8 विकेट खोकर 20 रन बनाए। जबकि आर ब्लॉक टीम ने पांच ओवर में ही 21 रन बनाकर मैच जीत लिया। बॉलर अभिषेक द्विवेदी ने हैट्रिक लगाई और उन्हें बेस्ट बॉलर का खिताब मिला। आर ब्लॉक की टीम में राघव सिंह, हर्ष राणा, विकास, दिव्यांश कुमार, हितेश भाकुनी, नितिन चौधरी, राहुल और मयंक ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। जबकि रनर अप रही टीम एल ब्लॉक में जय, आयुष, युवी, अंकित, तरुण, संकल्प, अरमान और मनीष जैसे मंझे खिलाड़ी थे। मैच में अंपायर की जिम्मेदारी गिरीश नारंग और वाहिद ने निभाई।

# मंडल अध्यक्ष का स्वागत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा में हुए संगठन चुनावों में गजेंद्र सिंह वाल्मीकि को भारतीय जनता



पार्टी क दनकौर मंडल अध्यक्ष नवनियुक्त किया गया है। दनकौर में वाल्मीकि समाज ने गजेंद्र सिंह बाल्मीकि क स्वागत किया।

इस मौके पर में दीपक सिंह चेयरमेन दनकौर, धर्मेन्द्र सिंह भाटी सभासद दनकौर, हरिप्रधान नवादा, किसनलाल, भगवान नवादा, महेश गौतम दनकौर एवं समस्त वाल्मीकि समाज आदि कई लोग मौजूद थे।

## शटरिंग चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर में एक पेटी ठेकेदार ने अपनी शटरिंग चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि चोरों ने सीवर लाइन बिछाने के लिए रखी गई शटरिंग चोरी कर ली।

ग्राम बछेड़ा कला जनपद हापुड़ निवासी नन्हे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह यमुना प्राधिकरण में पेटी ठेकेदार के रूप में सीवर लाइन डालने का काम करता है। 30 जनवरी की रात्रि को उसने ग्राम अट्टा फतेहपुर में सीवर लाइन बिछाने के लिए शटरिंग रखी थी। रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने शटरिंग के 10 लोहे के पीस चोरी कर लिए। उसने अपनी शटरिंग की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**Change of Name**

I, Nandlal Paswan S/o Late Arjun Paswan R/o RC-504 Azad Vihar Khora Colony Ghaziabad. I have changed my name Nandlal to Nandlal Paswan for all future purposes. Nandlal and Nandlal Paswan both are same person.

# सुर और तान से छू ली श्रोताओं की आत्मा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सुर ज्ञान म्यूजिक अकादमी द्वारा ग्रेटर नोएडा स्थित वेदम प्री स्कूल, एटा-1 में शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम

**सुर ज्ञान म्यूजिक अकादमी ने आयोजित किया कार्यक्रम**

आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत की महिमा और उसकी समृद्ध परंपराओं को सामने लाना था। इस कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों को एक अनूठा अवसर मिला।

कार्यक्रम का आगाज सुर ज्ञान म्यूजिक अकादमी के छात्रों ने राग पटदीप में अपनी प्रस्तुति से किया। छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए शास्त्रीय संगीत की बारीकियों और शुद्धता को शानदार तरीके से प्रस्तुत किया।

मुख्य आकर्षण रहे किराना घराने के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायक उस्ताद अमजद अली



खान, जिन्होंने राग पूरिया धनाश्री पर आधारित एक मंत्र मुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी। उस्ताद अमजद अली खान के गायन ने श्रोताओं को एक अलग ही संसार में डुबो दिया, जहां हर सुर और तान ने उनकी आत्मा को छुआ।

कार्यक्रम में पंडित गोपाल कृष्ण का राग झिंझोटी में सितार वादन ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंडित गोपाल कृष्ण ने अपने सितार के जरिए शास्त्रीय संगीत के शुद्ध रूप को बखूबी पेश किया। तबले पर मोहनीश बाबा और हारमोनियम पर उस्ताद करीम नियाजी जी ने बहुत ही कमाल की संगत दी। कार्यक्रम का आयोजन सुर ज्ञान म्यूजिक अकादमी के संचालक उस्ताद सुनील प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुआ।

सुर ज्ञान म्यूजिक अकादमी के इस आयोजन ने शास्त्रीय संगीत को एक नई पहचान दिलाई और श्रोताओं को इसके गहरे प्रभाव और सुंदरता से अवगत कराया।

# नक्सली हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**नोएडा ( चेतना मंच )।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों के जवानों पर



किए गए कायराना हमले की आतंकवादी विरोधी मोर्चा ने कड़ी निंदा की है। मोर्चा के पदाधिकारियों ने इस हमले में मारे गए जवानों को श्रद्धांजलि भी दी।

आतंकवादी विरोधी मोर्चा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पंडित व संयोजक उत्तर प्रदेश गुलशन शर्मा ने कहा की नक्सलवाद आज अपनी आखिरी सांसे गिन रहा हैं। कई राज्य में नक्सलवाद का सफाया हो चुका है। मुस्तैद सुरक्षा बल इनका तेजी से सफाया कर रहे हैं। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से नक्सलियों के होश उड़े हुए हैं। सुरक्षा बलों की कार्रवाई से हताश होकर नक्सलियों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है।

श्री शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान और तेजी से आगे बढ़ेगा। कायराना हमले में शहीद हुए 9 जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने हमले में घायल हुए जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। आतंकवादी विरोधी मोर्चा ने शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और केंद्र सरकार से नक्सलियों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की मांग की।






## टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर रफूचक्कर


**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेसबुक पर अपनी बाइक बेचने के लिए पोस्ट डालना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। बाइक खरीदने आया युवक टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक को लेकर रफू चक्कर हो गया।

मूल रूप से सैफई इटावा के रहने वाले पारस यादव ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बाइक आर 15 को बेचने के लिए फेसबुक पर पोस्ट डाली थी। फेसबुक के जरिए उससे अजय सिंह चौहान नामक युवक ने संपर्क किया। 23 दिसंबर की दोपहर को अजय सिंह चौहान उसकी बाइक देखने के लिए सेक्टर 45 आया। बाइक खरीदने से पूर्व अजय सिंह चौहान ने बाइक की टेस्ट ड्राइव लेने की बात कही। टेस्ट ड्राइव के बहाने वह उसकी बाइक को लेकर मौके से रफू चक्कर हो गया। पारस यादव के मुताबिक उसने कई बार अजय सिंह चौहान के मोबाइल फोन पर कॉल की लेकिन फोन स्विच ऑफ आ रहा है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 39 में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से गांजा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बिसाहडा अंडरपास पर दो गांजा तस्कर खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छाप मार कर दोनों को हिरासत में ले लिया। तलाशी में उनके पास से 4 किलो 750 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम जीशान पुत्र रफीक निवासी चांद मस्जिद दादरी व निशांत पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम सुरसुरू जनपद बुलंदशहर बताया। पूछताछ में पकड़े गए दोनों गांजा तस्करो ने बताया कि उन्होंने यह गांजा गाजियाबाद के लाल कुआं से एक अनजान व्यक्ति से खरीदा था। गाजियाबाद से गंजा लाकर वह नशेड़ियों को इसकी बिक्री करते हैं। वह पिछले काफी समय से गांजे की तस्करी व बिक्री में संलिप्त हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## गज़ल


डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

**जिन्दगी यह अधिक दिन रहेगी नहीं,**
**छोंड़ ऐसी कहानी चले जाइए।**
**याद बन जाएं जो युग युगों के लिए,**
**छोड़ ऐसी निशानी चले जाइए।**

**छल कपट द्वंद से बजबजाते हुए,**
**प्यार के दुश्मनों से बचाते हुए ,**
**आदमीयत के कुछ फलसफे देके जा,**
**बस्ती अम्नो-अमन की बसाते हुए,**

**भाई से भाई फिर से गले मिल सकें,**
**छोड़ यादें पुरानी चले जाइए ।**
**कंठ की बोलियां रुक न पाएं कभीं,**
**नीति की चोलियां बिक न जाएं कहीं,**

**दोस्ती का नहीं अपहरण हो सके ,**
**'राही' अपनी कलम से न जो लिख सके,**
**कद्रदानी के चर्चे रहें हर तरफ,**
**छोंड़ ऐसी बयानी चले जाइए।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 01/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "**खुली**" निविदा आमंत्रित करते हैः **क्र.सं.: 1- कार्य का विवरणः** इज्जतनगर डिवीजन में मैकेनिकल वर्कशॉप में 01 नग रेनवाटर हार्वेस्टिंग का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 14,64,262.48, **बयाना राशि (₹ में):** ₹ 29,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 04 माह, **क्र.सं.: 2- कार्य का विवरणः** इज्जतनगर डिवीजन में समइं/लाइन/इज्जतनगर एवं सहायक नगर इंजी.के अनुभाग के अधिकार क्षेत्र में लेवल क्रॉसिंग रोड, गेट लॉज आदि का रखरखाव, **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 63,00,026.61 **बयाना राशि (₹ में):** ₹ 1,26,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **नोट** - 1. ई-निविदा दिनांक 29.01.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई- निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के **IREPS** वेब साईट **www.ireps.gov.in**. पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)
मुजाधि/डब्लयू-358 इज्जतनगर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**खास खबर**

### एक्सेल का 65 करोड़ डॉलर का नया फंड एआई पर देगा जोर

**नई दिल्ली।** एक्सेल ने घोषणा की है कि उनका नया 65 करोड़ डॉलर का फंड भारत और दक्षिण एशिया में उद्यम पूंजी में नए जमाने के व्यवसायों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रारंभिक चरण के संस्थापकों के साथ साझेदारी करेगा। फंड की मदद से एक्सेल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), फिनटेक, उपभोक्ता ब्रांड सेवाएं और निर्माण क्षेत्रों में संस्थापकों के साथ जुड़ेगा। फंड की शीर्षक कंस्यूमर और उपभोक्ता थीम के तहत भारत को ध्यान में रखकर दिया जाएगा। एक्सेल के एक भागीदार ने कहा है कि वे निवेश के लिए व्यापक शोध कर रहे हैं और संस्थापकों के समर्थन में निवेश करते रहेंगे।

### रुपया 85.79 प्रति डॉलर पर स्थिर

**मुंबई।** रुपया सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.79 पर स्थिर रहा। विदेशी पूंजी की सतत निकासी और अमेरिकी मुद्रा के सकारात्मक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त से स्थानीय मुद्रा को बल नहीं मिल पाया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण भारतीय मुद्रा को कुछ समर्थन मिला, लेकिन उच्च डॉलर सूचकांक ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.77 प्रति डॉलर पर खुला। फिर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 85.79 पर फिसल गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट दर्शाता है।

### दिसंबर 2024 में कारों की बिक्री में जबर्दस्त उछाल

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने दिसंबर 2024 में बिक्री में 30 प्रतिशत का उछाल दर्ज करते हुए 1,78,248 यूनिट का आंकड़ा पार किया। मारुति सुजुकी की प्रतिद्वंद्वी कंपनी हुंडई, एसयूवी निमार्ता महिंद्रा एंड महिंद्रा और किआ मोटर्स ने भी कारें खूब बेचीं। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि दिसंबर में मारुति सुजुकी की कुल घरेलू बिक्री, जिसमें हल्के कमर्शियल वाहन और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर को आपूर्ति शामिल है, 1,32,523 यूनिट रही यानि 24.44 प्रतिशत रहा। पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 1,06,492 यूनिट था। दिसंबर 2024 में कुल घरेलू यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री 1,30,117 यूनिट रही।

# भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग में वृद्धि का अनुमान

- यह वृद्धि मुख्य रूप से उपभोक्ता, औद्योगिक और बुनियादी ढांचे की बढ़ती मांग के कारण होगी
- भारतीय तेल विपणन कंपनियां वित्तीय वर्ष 2025 में रिफाइनिंग मार्जिन पर दबाव का सामना कर सकती है
- पेट्रोलियम सेक्टर में भारत की वित्तीय मजबूती के संकेत छुपे हैं, जो आसपासी और अंतरराष्ट्रीय दौरों में एक गंभीर विषय है



एजेंसी

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें 2025 में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग में 3 से 4 फीसदी तक की वृद्धि का अनुमान जताया गया है। इसके आधार पर, फिच ने दशार्या है कि यह वृद्धि मुख्य रूप से उपभोक्ता, औद्योगिक और बुनियादी ढांचे की बढ़ती मांग के कारण होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस वृद्धि से भारत की जीडीपी में 6.4 फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। डीजल और पेट्रोल की मांग के कारण, जो भारतीय पेट्रोलियम उत्पादों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में यह वृद्धि होने का अनुमान है। फिच ने बताया कि वित्त वर्ष 25 के पहले सात महीनों में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में 3 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि वित्त वर्ष 24 में यह वृद्धि 5 फीसदी रही थी। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारतीय तेल विपणन कंपनियां वित्तीय वर्ष 2025 में रिफाइनिंग मार्जिन पर दबाव का सामना कर सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रिफाइनिंग मार्जिन मध्य-चक्र स्तर से नीचे गिर सकते हैं, जो क्षेत्रीय स्तर पर अति आपूर्ति, कम उत्पाद दरों और कच्चे तेल की किस्मों के बीच मूल्य अंतर के कारण हो सकता है। अगले वर्ष में सुधार की संभावना है, जो क्षेत्रीय ओवरसप्लाई में कमी और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के साथ आ सकता है। फिच रेटिंग्स के अनुसार, भारतीय तेल विपणन कंपनियों को रिफाइनिंग और विपणन के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन लंबी अवधि में स्थिति में सुधार के संकेत भी मिल रहे हैं। एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी शुद्ध रिफाइनर कंपनियों को अपनी मार्केटिंग ऑपरेशंस की कमी के कारण अधिक लाभप्रदता की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। फिच की रिपोर्ट में पेट्रोलियम सेक्टर में भारत की वित्तीय मजबूती के संकेत छुपे हैं, जो आसपासी और अंतरराष्ट्रीय दौरों में एक गंभीर विषय है। अगले सालों में रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार के साथ, उत्पादों की मांग और मुद्रा निर्भरता पर भारत की आर्थिक स्थिति पर व्यापक प्रभाव हो सकता है।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग 32 प्रतिशत बढ़कर 4,510 करोड़ पहुंची

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग में तेजी देखी जा रही है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी ने सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ते हुए 4,510 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग दर्ज की। इससे पहले, 2023 में यही तिमाही में बिक्री बुकिंग 3,410 करोड़ रुपये रही थी। मैक्रोटेक डेवलपर्स का वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों का कारोबार भी कर रहा है। उन्होंने इस वित्त वर्ष के दौरान बिक्री बुकिंग में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले वर्ष की समयावधि में 10,300 करोड़ रुपये से बढ़कर 12,820 करोड़ रुपये हो गई है। मैक्रोटेक डेवलपर्स की लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचने वाली यह कंपनी देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपरों में से एक है। उनकी मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और पुणे आवासीय संपत्ति बाजार में मजबूत उपस्थिति है, जिसके अलावा उन्होंने बेंगलुरु आवास बाजार में भी अपनी अच्छी पहचान बनाई है।

# वित्त मंत्री ने ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व विचार-विमर्श किया




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के संबंध में हुई। बजट-पूर्व परामर्श बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी केंद्रीय बजट के बारे में ट्रेड यूनियनों के दृष्टिकोण को समझना था। हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ यह बातचीत सरकार की वार्षिक बजट-पूर्व परंपरा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नीतियों को आकार देने और संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए विविध क्षेत्रों से इनपुट एकत्र करना है। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव और श्रम मंत्रालय के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अलावा इस बैठक में भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद रहे।

### फेम-2 स्कीम के तहत 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन दिया

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू फेम-2 (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया) स्कीम के तहत केंद्र सरकार ने अब तक 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इसमें 14.27 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया, 1.59 लाख तिपहिया, 22,548 गाड़ियां और 5,131 ई-बसें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 10,985 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 8,812 स्टेशनों की स्थापना का कार्य आवंटित हो चुका है। योजना के तहत 31 अक्टूबर 2024 तक कुल 8,844 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

# लवयापा देख आमिर खान ने की बेटे जुनैद खान की तारीफ

**श्रीदेवी से की खुशी कपूर की तुलना**

एजेंसी

**मुंबई।** मच अवेटेड फिल्म लवयापा, जिसमें जुनैद खान और खुशी कपूर सिल्वर स्क्रीन पर अपना डेब्यू कर रहे हैं, ने अपने नए रिलीज हुए टाइटल ट्रैक से सभी का दिल जीत लिया है। सिर्फ 24 घंटों में ही इस गाने ने सोशल मीडिया पर धमाल मचाते हुए 15 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसे में, फिल्म के लिए बढ़ते क्रेज के बीच आमिर खान और उनके बेटे जुनैद खान को इसके बारे में बात करते हुए देखा गया है। आमिर खान और



उनके बेटे जुनैद खान को हाल ही में पृथ्वी थिएटर में स्पॉट किया गया। फिल्म लवयापा के बारे में बात करते हुए जुनैद खान ने कहा, श्मैं बहुत एक्साइटेड हूं। यह एक बहुत ही एक्साइटिंग फिल्म है। मेरे लिए यह रोल बिल्कुल नया है, 'महाराज' से काफी अलग - इसलिए मेरे लिए एक एक्टर के तौर पर चैलेंजिंग भी है। और हां, यह मेरी पहली थिएट्रिकल रिलीज है। आमिर खान ने फिल्म पर अपनी पहली राय बताते हुए कहा, श्मैंने इसका रफ कट देखा है और सच कहूं तो मुझे ये फिल्म काफी पसंद आई। ये बहुत मजेदार और एंटरटेनिंग है। आजकल हमारी जिंदगी मोबाइल फोन्स की वजह से काफी बदल गई है, और उससे जुड़ी जो मजेदार बातें होती हैं, वो इसमें दिखाई गई है। सभी एक्टर्स ने बढ़िया काम किया है। जब मैंने फिल्म देखी और खुशी (कपूर) को स्क्रीन पर देखा, तो ऐसा लगा जैसे मैं श्रीदेवी को देख रहा हूं। वही एनर्जी, वही फील स्क्रीन पर झलक रही थी।

# वी ने सुपरहीरो एन्युअल रीचार्ज पोर्टफोलियो को बनाया मजबूत

एजेंसी

**रांची।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने हाल ही में उद्योग जगत के पहले प्रपोजिशन 'सुपरहीरो' का लॉन्च किया है, जो दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अनलिमिटेड डेटा का एक्सेस देता है। जिसे हाई स्पीड डेटा की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। वे उपभोक्ता जो सालाना पैक या पैसा वसूल ऑफर्स चाहते हैं, उनके लिए वी लेकर आया है तीन सर्वश्रेष्ठ एन्युअल रीचार्ज। जो मंथली प्लान की तुलना में 25 फीसदी बचत के फायदे देते हैं, साथ ही साल भर बिना रूकावट मोबाइल डेटा और एंटरटेनमेन्ट का अनुभव भी प्रदान करते हैं। वी के एन्युअल रीचार्ज प्लान में दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अनलिमिटेड डेटा शामिल है, इसके अलावा दिन के शेष 12 घण्टे के लिए 2 जीबी डेली डेटा कोटा तो है ही। इतना ही नहीं, वी सुपरहीरो पैक वीकेंड डेटा रोलओवर के फायदे भी देता है, जिसके तहत यूजर सप्ताह के दिनों में बचे हुए डेटा को कैरी फॉरवर्ड कर सप्ताहान्त के दौरान इसे इस्तेमाल कर सकता है। इसके अलावा ये प्लान डेटा डिलाइट फीचर के साथ एमरजेन्सी डेटा टॉप-अप के फायदे भी देते हैं, जो महीने में दो बार बिना किसी शर्त के 1 जीबी अतिरिक्त डेटा देता है।

# स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी का खुला आईपीओ




निवेशक 8 जनवरी तक लगा सकेंगे बोली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का पहला आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सोमवार को निवेशकों के लिए खुल गया है। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 133-140 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इस इश ?यू के जरिए कंपनी की योजना 410.05 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी के शेयर 13 जनवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध होंगे। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी का नए साल में लॉन्च होने वाला ये पहला आईपीओ है, जिसमें निवेशक 8 जनवरी, 2025 तक निवेश कर सकते हैं। इंजीनियरिंग इक्यूपमेंट बनाने वाली कंपनी के 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इश्यू में निवेशक न्यूनतम 107 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। यह 210 करोड़ रुपये मूल्य वाले 1.50 करोड़ शेयरों का फ्रेश इश्यू और 200.05 करोड़ रुपये के 1.43 करोड़ ऑफर फॉर सेल शेयरों का कॉम्बिनेशन है। कंपनी इस निर्गम से प्राप्त 10 करोड़ रुपये का इस्तेमाल मशीनरी और उपकरणों की खरीद, कुछ बकाया उधारों और भुगतान के लिए 130 करोड़ रुपये और इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के लिए 30 करोड़ रुपये तथा 20 करोड़ रुपये सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड भारत में फार्मास्यूटिकल और रासायनिक क्षेत्रों के लिए शीर्ष 5 विशेष इंजीनियरिंग उपकरण निमार्ताओं में से एक है। इस कंपनी के पास पूरी उत्पादन प्रक्रिया को इन-हाउस प्रबंधित करने की क्षमता है।

### सैमसंग 2025 में एसी सेगमेंट में लॉन्च करेगा नए विंडफ्री मॉडल

**रांची।** सैमसंग ने 2025 में एयर कंडीशनर के एक दर्जन से अधिक मॉडल लॉन्च करने की योजना बनाई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण कोरिया की उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी अपने उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ाना चाहती है और भारत में रूम एसी सेगमेंट में एक पसंदीदा ब्रांड बनना चाहती है। सैमसंग के नए एसी मॉडल कंपनी के मालिकाना हक वाले बीस्पोक एआई समाधानों से पावर्ड होंगे और इसके द्वारा उन उपभोक्ताओं को लक्षित किया जाएगा जो प्रीमियम एसी खरीदना चाहते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन की श्रेणियों में सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज के घरेलू उपकरणों को भारतीय बाजार में बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**प्रताड़ना के बाद ....**

वसीम के मुताबिक उसकी ममेरी बहन फिजा ने फोन कर उसे इस घटना की जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि मोहम्मद नाजिम की प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी बहन ने आत्महत्या की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

**ट्रक में पीछे से....**

उन्होंने साइड लेने के लिए कई बार हॉर्न दिए लेकिन ट्रक चालक ने साइड नहीं दी। इस दौरान तेज गति में जा रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिस कारण उनकी कार ट्रक से भिड़ गई। इस हादसे में कार में बैठी सीता कौशिक, ख्याति भारद्वाज, मिथुन कौशिक, तथा वह घायल हो गए हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान सीता कौशिक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए नंबर के आधार पर चालक की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**मोबाइल लुटेरा ....**

एक व्यक्ति पुलिस को देखकर हड़बड़ा कर पीछे मुड़ा और तेज कदमों से वापस जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उक्त व्यक्ति को रुकने के लिए आवाज दी। इस पर वह भाग कर झाड़ियों में छुपने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। खुद को घिरा देखकर उक्त व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने के लिए फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश की पहचान कुलदीप तिवारी पुत्र कैलाश नारायण निवासी नरेला दिल्ली के रूप में हुई। इसके पास से पांच मोबाइल फोन, तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि वह हथियार के बल पर लूट व चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस इसके अपराधी के इतिहास की जांच पड़ताल कर रही है।

**बदमाशों पर पुलिस का ....**

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। प्रारंभिक जांच में इसके खिलाफ विभिन्न थानों में 16 मुकदमे पंजीकृत होने की जानकारी मिली है।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस ए वी जे हाइट्स सोसायटी के सामने चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार फायरिंग कर भाग निकले। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़े। पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम पंकज बैसला उर्फ बादशाह व फरमान पुत्र फिरोज निवासी खन्ना नगर लोनी गाजियाबाद बताया। इनके पास से एक-एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे थे । पकड़े गए पंकज बैसला पर 6 तथा फरमान पर तीन मुकदमे पंजीकृत हैं।

**शराब के नशे में ....**

उसकी पत्नी ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गया। इस दौरान उसका बेटा करण मौके पर पहुंचा और उसने आलोक को समझाने का प्रयास किया। नशे में चूर आलोक ने चाकू निकाल कर उसकी पत्नी पर वार कर दिया। शोर शराबा सुनकर जब वह मौके पर पहुंचा तो आलोक ने उसके साथ भी मारपीट की। झगड़ा होता देखकर आस पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**किसके सिर बंधेगा.....**

महेश चौहान, करतार चौहान, युद्धवीर चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, महासचिव चंदगीराम यादव व जिला उपाध्यक्ष मुकेश प्रधान के नामों की भी खासी चर्चाएं हैं। उक्त सभी लोग गंभीरता से दावेदारी में लगे हैं।

इस फेहरिस्त में महासचिव गणेश जाटव के नाम की भी चर्चा है। उनकी कार्यकुशलता तथा पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। हालांकि गणेश जाटव अपनी दावेदारी से इंकार कर रहे हैं। सभी दावेदारों ने अपने-अपने सियासी आकाओं की परिक्रमा शुरू कर दी है तथा बड़े नेताओं का आशीर्वाद भी लेने पहुंच रहे हैं। इस बीच चुनाव अधिकारी शीघ्र ही चुनाव की तिथि व अन्य निर्देश जारी करेंगे जिससे समय पर अध्यक्ष का चुनाव करा लिया जाए।

## नोएडा क्राइम फाइल

### फैक्ट्री में चोरियां करने वाले गिरोह का खुलासा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** फैक्ट्री से सामान चोरी करने वाले गिरोह के छह सदस्यों को थाना ईकोटेक तीन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से फैक्ट्री से चोरी किया गया कॉपर का तार, कॉपर ग्रिल के पार्ट्स, स्टील वायर, इनवर्टर बैटरी आदि बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम चौकी औद्योगिक क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम आम्रपाली गोल चक्कर के पास पहुंची तो मुखबिर ने सूचना दी कि उद्योग केंद्र में स्थित कंपनियों में चोरी करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य चोरी के सामान को ई-रिक्शा में लेकर कबाड़ी के यहां बेचने के लिए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ई-रिक्शा में जा रहे 6 लोगों को घेर लिया। ई रिक्शा की तलाशी लेने पर कट्टो में भरा कॉपर का तार, कॉपर ग्रिल के पार्ट्स स्टील वायर, 6 रोल, इनवर्टर की बैटरी बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम शिवम उर्फ मन खुश मिश्रा, अमन, नूर उर्फ सोनू उर्फ छोटू, नितिन, इमरान, अरुण उर्फ छोटू बताए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह मौका पाकर कंपनियों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरी के सामान को वह बिसरख के दानिश कबाड़ी को बेच देते थे। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 16 नवंबर की रात्रि को ग्राम जलपुरा में एक परचून की दुकान से मोबाइल, कैमरे का डीवीआर,130000 रुपए चोरी किए थे। उद्योग केंद्र दो कि एक फैक्ट्री से इनवर्टर, बैटरी, लैपटॉप चोरी करने की घटना को भी उन्होंने अंजाम दिया था। 15 दिसंबर की रात्रि को उन्होंने उद्योग केंद्र में एक कंपनी में चोरी की वारदात को अंजाम देकर कॉपर स्क्रैप, कॉपर फिनिश मॉल, कटिंग ग्राइंडर, कैश, सीसीटीवी कैमरे आदि चोरी किए थे। पुलिस को शक ना हो इसलिए वह ई रिक्शा से चलते थे और चोरी की घटना को अंजाम देकर सामान को ई रिक्शा में भर कर फरार हो जाते थे। पकड़े गए आरोपियों ने फैक्ट्रियों में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस इनके एक फरार साथी की तलाश कर रही है।

### नाबालिक लड़की को भगा ले गये

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर में एक व्यक्ति ने पांच लोगों के खिलाफ अपनी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पांचो आरोपी पीड़ित के पड़ोस में ही रहते हैं।

ग्राम गुलिस्तानपुर में किराए पर रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 26 दिसंबर को उनकी 16 वर्षीय बेटी अचानक घर से लापता हो गई। उसने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इस दौरान उसे जानकारी मिली कि पड़ोस में रहने वाले शिवकास, दीपक, संदीप दीक्षित, शैलेंद्र पांडे उसकी बेटी को घर से ले गए थे। चारों आरोपी विक्की के साथ उसकी बेटी की शादी कराना चाहते हैं। उसने जब चारों आरोपियों से अपनी बेटी के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने आश्वासन दिया कि उसकी बेटी जल्द ही घर आ जाएगी लेकिन उसकी बेटी घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद पांचो आरोपी अपने घर से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

### पिता-पुत्री पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के बालाजी कॉलोनी में दबंग पड़ोसियों ने पिता पुत्री के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

बालाजी कॉलोनी दादरी में रहने वाली श्रीमती राजेश कुमारी ने बताया कि 5 जनवरी की रात्रि को उसके पति अशोक कुमार उनकी बेटी घर से बाहर जाने के लिए तैयार हो रहे थे। उनकी गाड़ी घर के बाहर खड़ी हुई थी। इस दौरान उसके पड़ोसी वरुण, बिट्ठू, जितेंद्र कुमार व उनके चाचा उनके घर आकर गाली गलौज करने लगे। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि उसके पड़ोसी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और आए दिन उनके साथ झगड़ा करते हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

### कॉलेज के पास लगे ट्रांसफार्मर से तेल चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के रेलवे रोड स्थित अग्रसेन इंटर कॉलेज के पास लगे ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर चोरों ने तेल चोरी कर लिया। विद्युत विभाग के जेई की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

धूम मानिकपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता हरे राम यादव ने बताया कि 5 जनवरी को उन्हें सूचना मिली कि अग्रसेन इंटर कॉलेज रेलवे रोड दादरी के गेट के पास लगे ढाई सौ केवीए के ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने क्षतिग्रस्त कर तेल चोरी कर लिया है। सूचना पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि चोरों ने ट्रांसफार्मर का कवर खोलकर बाइंडिंग को क्षतिग्रस्त कर उसके अंदर का तेल चोरी कर लिया है। अवर अभियंता के मुताबिक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई और इस घटना से विभाग को करीब चार लाख रुपए की हानि हुई है। अवर अभियंता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल कर चोरों की तलाश की जा रही है।




खास खबर

## बांग्लादेश में चुनाव की तैयारी शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंसा और तनाव के बीच चुनावी तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने घोषणा की है कि करीब 18 करोड़ लोगों को फिर से उनके मतदान का अधिकार दिया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीईसी ने चुनाव अधिकारियों के लिए आयोजित एक ट्रेनिंग कार्यक्रम में कहा कि आयोग 20 जनवरी से घर-घर जाकर डेटा संग्रह शुरू करेगा। इस प्रक्रिया के जरिए संभावित मतदाताओं की सूची को अद्यतन किया जाएगा। नासिर उद्दीन ने कहा कि हम उन लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए हैं, जो लंबे समय से मतदान से वंचित हैं। चुनाव आयोग ने निष्पक्षता तय करने के लिए कई सुधार शुरू किए हैं। अपदस्थ पीएम शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी भी चुनावों में भाग ले सकती है, जब तक कि उस पर कोई कानूनी प्रतिबंध न लगे।

## आगरा में औरंगजेब की हवेली ध्वस्त

**आगरा।** यूपी के ताज नगरी आगरा में 17वीं शताब्दी की ऐतिहासिक इमारत मुबारक मंजिल की खूबसूरती और धरोहर आज दफन कर दी गई है। मुगल सम्राट औरंगजेब ने सामूगढ़ युद्ध जीतने के बाद यह हवेली बनवाई थी। यह खूबसूरत हवेली राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित घोषित होने की प्रक्रिया में थी लेकिन इससे पहले ही इसे 70 फीसदी ध्वस्त कर दिया गया। मुबारक मंजिल, यमुना किनारे 0.634 हेक्टेयर क्षेत्र में बनी थी। राजा जयसिंह के नक्शे में इसे 35 नंबर पर चिह्नित किया गया था। यह मुगलकालीन रिवरफ्रंट गार्डन का अभिन्न हिस्सा थी और ब्रिटिश काल में नमक दफ्तर, कस्टम हाउस और माल डिपो के रूप में इसका इस्तेमला हुआ करता था। 1817 में इसे दो मंजिला इमारत में बदला दिया गया। समय के साथ इसका स्वामित्व बदलता गया और आखिर में यह उमेश खंडेलवाल के परिवार के पास थी, जिन्होंने इसे एक बिल्डर को बेच दिया था। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने 30 सितंबर 2024 को इसे संरक्षित घोषित करने की अधिसूचना जारी की थी, लेकिन अंतिम घोषणा से पहले ही बिल्डर विकास जैन ने इमारत को तोड़ना शुरू कर दिया। यह घटना तब हुई, जब राज्य पुरातत्व विभाग की टीम ने हवेली का दौरा कर इसे संरक्षित करने की प्रक्रिया शुरू की।

## भय के कारण 7 काले हिरणो की मौत

**अहमदाबाद ।** गुजरात के नर्मदा नगर जिले में स्टैचू ऑफ यूनिटी परिसर के पास एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सरदार पटेल प्राणी उद्यान में एक तेंदुए ने एक काले हिरण पर हमला कर उसे मार दिया। इस घटना को देखकर 7 काले हिरण भय के कारण मर गए। यह घटना वहां के वीडियो में रिकॉर्ड हुई है। प्राणी उद्यान के अधिकारियों का कहना है। काले हिरण सबसे संवेदनशील होते हैं। यह उद्यान चारों ओर से जंगल से घिरा हुआ है? जंगल में बड़ी संख्या में तेंदुए हैं। पहली बार उद्यान के अंदर तेंदुए ने हमला किया है। इस उद्यान में 400 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जिसमें सारा घटनाक्रम कैद हुआ है। डर के मारे 7 काले हिरणो का मरना सभी को आश्चर्यचकित कर रहा है।

## फिर जानलेवा हुआ चीनी मांझा

**चंदौली।** हर साल संक्राति के आसपास पतंगबाजी के चलते चीनी मांझा लोगों की जान का दुश्मन बनता है। इस बार भी एक सप्ताह के भीतर चंदौली में 5 लोग घायल हुए हैं। इन घटनाओं में स्थानीय निवासी, पूर्व प्रधान, पत्रकार, शिक्षक और बच्चे शामिल हैं। मुगलसराय के नींबूपुर गांव के पूर्व प्रधान सुनील यादव उर्फ देवता की गर्दन पर चीनी मांझे से गहरी चोट लगी, जिससे उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। इसी प्रकार, पूर्व पत्रकार सुजीत कुमार वाराणसी जाते समय चीनी मांझे की चपेट में आए और उनका गला गंभीर रूप से कट गया।

# कोरोना जैसे चीनी वायरस का भारत में तीसरा केस


## कर्नाटक में एचएमपीवी के दो मामलों के बाद अहमदाबाद में भी एक मामला आया सामने, केंद्र सरकार हुई अलर्ट

एजेंसी

**बेंगलुरु।** चीन में फैले एक और वायरस का भारत में तीसरा केस सामने आया है। वायरस का नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) है। भारत में दो मामले कर्नाटक में सामने आए, जबकि एक मामला गुजरात के अहमदाबाद से है। केंद्र सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। साथ ही डब्ल्यूएचओ से चीन की स्थिति के बारे में समय-समय पर अपडेट देने को कहा गया है।

बेंगलुरु के बाद गुजरात के अहमदाबाद में भी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस का एक मामला सामने आ गया है। दरअसल अहमदाबाद के चांदखेडा इलाके में 2 माह के बच्चे में इस वायरस से संक्रमित होने के लक्षण पाए गए हैं। संक्रमित नवजात बच्चे का एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। यहां बताते चलें कि संक्रमित बच्चे का इलाज कराने परिवार राजस्थान के डुंगरपुर से अहमदाबाद पहुंचा था। फिलहाल बच्चे की स्थिति अभी स्थिर बताई जा रही है। गौरतलब है कि बेंगलुरु के बैपटिस्ट अस्पताल में एक 8 माह के लड़के और 3 माह की लड़की में सांस लेने में दिक्कत पैदा करने वाले वायरस एचएमपीवी का पता चला है। सैंपल की जांच बैपटिस्ट अस्पताल में की गई थी। हालांकि कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग ने साफ कहा है कि उन्होंने अपनी लैब में नमूने की जांच नहीं कराई। रिपोर्ट एक निजी अस्पताल से आई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कर्नाटक में एचएमपीवी के दो मामलों का पता चला है। दोनों बच्चे रूटीन जांच के लिए अस्पताल आए थे। जहां टेस्ट करने पर उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण पाए गए हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर दिख रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र सरकार ने कहा था कि एचएमपीवी इस मौसम में सामान्य वायरस चीन में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों के बीच भारत सरकार ने 4 जनवरी को जॉइंट मॉनीटरिंग ग्रुप की बैठक की थी। बैठक के बाद केंद्र सरकार ने कहा था कि फ्लू के मौसम को देखते हुए चीन की स्थिति असामान्य नहीं है। देश सांस से जुड़ी बीमारियों के मामलों में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। चीन में फ्लू के बढ़ते मामलों की वजह आरएसवी और एचएमपीवी इस मौसम में इन्फ्लुएंजा के सामान्य वायरस हैं। सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। साथ ही डब्ल्यूएचओ से चीन की स्थिति के बारे में समय-समय पर अपडेट देने को कहा गया है। केंद्र सरकार ने कहा कि भारत में आईसीएमआर और आईडीएसपी के जरिए इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और इन्फ्लूएंजा के लिए गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी के लिए मजबूत निगरानी सिस्टम मौजूद है। दोनों एजेंसियों के आंकड़ों से पता चलता है कि इन मामलों में कोई असामान्य बढ़त नहीं है। एहतियात के तौर पर टेस्टिंग करने वाली लैब की संख्या बढ़ाई जाएगी और पूरे साल एचएमपीवी के मामलों पर नजर रखी जाएगी।





## बर्फ की मार से अमेरिका में हाहाकार, 2 राज्यों में इमरजेंसी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** बिगड़े मौसम के चलते अमेरिका के कंसास, पश्चिमी नेब्रास्का और इंडियाना के हिस्सों में बर्फ की चादर बिछी हुई है। यहां पर काफी वाहन सवार फंस गए हैं। इन लोगों की मदद के लिए राज्य के नेशनल गार्ड सक्रिय हैं। यहां पर दो राज्यों ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। शीतकालीन तूफान के चलते यहां पर दशक की सबसे भारी बर्फबारी की संभावना बन रही है। तापमान में तेजी से गिरावट, तेज हवा और बर्फ के तूफान के चलते मध्य अमेरिका के कुछ हिस्सों में यात्रा के लिए हालात खतरनाक हो गए हैं।

बहुत ठंडी हवा का ध्रुवीय भंवर आमतौर पर उत्तरी ध्रुव के चारों ओर घूमता है। जब यह ध्रुवीय भंवर दक्षिण की तरफ बढ़ता है तो अमेरिका, यूरोप और एशिया में लोग इसके चलते तेज ठंडक का अनुभव करते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि तेजी से गर्म आर्कटिक ध्रुवीय भंवर के बढ़ने के लिए जिम्मेदार है।

राष्ट्रीय मौसम विभाग के मुताबिक खराब मौसम से प्रभावित होने वालों की संख्या काफी ज्यादा है। इसमें बताया गया है कि अमेरिका में करीब 63 मिलियन लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई थी। मिसौरी में पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर बर्फ की परत जम गई थी। इन लोगों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ा। मिसौरी-कोलंबिया यूनिवर्सिटी में काम करने वाले गैरी राइट ने इस बारे में बताया। उन्होंने कहाकि इसके चलते उन्हें वर्क फ्रॉम होम करना होगा। हालांकि बर्फ में समय बिताने का बहाना ढूंढने के लिए वह अपनी गाड़ी पर जमी बर्फ साफ करने भी निकले। कंसास और मिसौरी के लिए नेशनल वेदर सर्विस ने विंटर स्टॉर्म की चेतावनी जारी की थी। इसमें खासतौर पर उत्तरी हिस्सों में आठ इंच बर्फ गिरने की संभावना जताई गई थी। बेहद खराब मौसम के चलते यहां पर करीब 73 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। अब मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को न्यूजर्सी के लिए भी ऐसी ही चेतावनी जारी की है। मौसव विभाग ने रविवार को कहाकि इन जगहों पर इस दशक की सबसे बड़ी बर्फबारी हो सकती है।





## बेंगलुरु में मकान में मिले चार शव

**बेंगलुरु।** आईटी सिटी बेंगलुरु के एक मकान में परिवार के 4 लोगों के शव बरामद हुए है। इससे घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। यह घटना शहर के सदाशिवनगर इलाके की है, जहां किराये के मकान में रहने वाले परिवार के सभी 4 लोग मृत पाए गए हैं। मरने वालों में 5 और 2 साल के दो मासूम बच्चे भी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये सभी लोग सुबह मृत पाए गए और अब तक मौत के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच कर रही है। बेंगलुरु सिटी सेंट्रल के डीसीपी ने कहा कि मृत पाया गया परिवार यूपी के प्रयागराज का रहने वाला है। इन लोगों के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने मृतक परिवार की पहचान बताई है।

## समंदर में अपनी ताकत बढ़ा रहा चीन हर मौसम में दुश्मनों पर नजर रखेगा

एजेंसी

**बीजिंग।** हिंद-प्रशांत में भारत को पछाड़ने की कोशिश में चीन ना सिर्फ एयरक्राफ्ट कैरियर की तादाद को बढ़ा रहा है, बल्कि पुराने एयरक्राफ्ट कैरियर को और ज्यादा पावरफुल बनाने में लगा है। इसी के तहत उसने शाडोंग एयरक्राफ्ट कैरियर में कई सुधार कर उसे इस काबिल बना दिया है कि अब उस पर कई फाइटर जेट आसानी से टेकऑफ कर सकते हैं। चीन के शाडोंग एयरक्राफ्ट कैरियर ने 2024 में अपनी ऑपरेशनल कैपिसिटी को सफलतापूर्वक बढ़ाया है और सभी मौसमह्व में जंग लड़ने खासियत हासिल की है। इसके साथ ही जेट विमानों को तैनात करने में लगने वाले समय को भी कम कर दिया है। चीनी मीडिया रिपोर्टों के के मुताबिक शाडोंग, चीन का पहला स्वदेशी निर्मित और पारंपरिक रूप से संचालित एयरक्राफ्ट कैरियर है, जिसे 2017 में लॉन्च किया गया था और दिसंबर 2019 में औपचारिक रूप से सेना में शामिल किया गया था। 2024 में, शाडोंग एयरक्राफ्ट कैरियर ने खास कामयाबी हासिल की है और अपने शुरूआती चरणों से इसकी क्षमताओं में तेजी से विकास देखा गया है। इसमें शिप ट्रेनिंग से फ्लीट एक्सरसाइज में परिवर्तन और समुद्री तटों से ड्रिल से लंबी दूरी के मिशन शामिल हैं। शाडोंग एयरक्राफ्ट कैरियर ने हाल ही में 2024 के लिए अपना अंतिम मैरीटाइम ट्रेनिंग मिशन पूरा किया है, जिसमें पिछले वर्ष के अधिकांश समय में अपने ऑपरेशनल असर में सुधार किया गया है।

## पांच सालों में कैंसर के लिए कई दवाएं होंगी कारगर

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया कि इम्यूनो-ऑन्कोलॉजी (आईओ) दवाएं, यानी कैंसर की इम्यून चिकित्सा, अगले पांच वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में सबसे बड़ा इनोवेशन बन सकती हैं। मतलब आने वाले 5 सालों में कैंसर के लिए कई दवाएं कारगर सावित हो सकती हैं। ग्लोबलडाटा द्वारा जारी की गई यह रिपोर्ट 128 फार्मा उद्योग के पेशेवरों के सर्वे पर आधारित है, जिसमें कैंसर के इलाज के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव का आकलन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में हुई प्रगति आने वाले वर्षों में कैंसर के इलाज के तरीके को पूरी तरह बदलने वाली है। इसमें चेकपॉइंट इनहिबिटर, सीएआर-टी सेल थेरेपी और कैंसर वैक्सीन्स जैसी नई तकनीकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार, 2022 में दुनिया भर में लगभग 2 करोड़ नए कैंसर के मामले सामने आए थे, जिनमें से लगभग 97 लाख लोगों की मौतें हुईं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि फेफड़े, स्तन और कोलोरेक्टल कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए और यही कारण रहे सबसे अधिक मौतों का। यह आंकड़े 85 देशों और 36 प्रकार के कैंसर पर आधारित हैं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि हर 5 में से 1 व्यक्ति को जीवन में कभी न कभी कैंसर होता है और 9 में से 1 पुरुष और 12 में से एक महिला इस बीमारी से मरते हैं।

## लघु सचिवालय भवन में लगी आग

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में सेक्टर-17 स्थित हरियाणा के लघु सचिवालय भवन में आग लग गई। फायर बिग्रेड के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर में इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लग गई, जिस पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि रविवार को छुट्टी होने की वजह से तीसरी मंजिल पर स्थित दो कमरों में जब आग लगी, तब वहां कोई नहीं था। परिसर में ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने धुआं निकलता देखा और दमकल विभाग को सूचित किया। कर्मियों ने धुआं उठाता देखा तो तुरंत दमकल की पांच गाड़ियां भेजी गईं। आग पर 15-20 मिनट में काबू पा लिया गया।

## वैज्ञानिकों ने की अत्यंत शक्तिशाली ज्वालामुखी की खोज

एजेंसी

**वाशिंगटन।** पृथ्वी पर ज्वालामुखी हमेशा से खतरे का एक बड़ा संकेत रहे हैं, और भविष्य में इनकी गतिविधियों से संभावित आपदाओं की आशंका जताई जाती है। ऐसे में वैज्ञानिकों के लिए ज्वालामुखियों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करना बेहद जरूरी है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने 19वीं सदी के एक रहस्यमयी और अत्यंत शक्तिशाली ज्वालामुखी की खोज की है, जिसने पूरी पृथ्वी का तापमान लगभग एक डिग्री सेल्सियस तक गिरा दिया था। यह ज्वालामुखी इतना शक्तिशाली था कि इसका असर न केवल आसपास के क्षेत्र में बल्कि समूची पृथ्वी पर महसूस हुआ। यह रहस्यमयी ज्वालामुखी उत्तरी प्रशांत महासागर में स्थित कुरिल द्वीप समूह के सुमिशिर द्वीप पर पाया गया है, जो आज के जापान और रूस के बीच स्थित है। इस ज्वालामुखी का नाम जावरित्स्की रखा गया है, और यह एक ऐसा विस्फोट था, जिसके बारे में वैज्ञानिक पहले जानते थे, लेकिन इसका सटीक स्थान कोई नहीं जानता था। 1831 में हुए इस ज्वालामुखी विस्फोट के प्रभाव से उत्तरी गोलार्ध का तापमान गिर गया था, और यह धरती के जलवायु में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का कारण बना। इस विस्फोट से उत्पन्न होने वाले राख और सल्फर के कणों का अध्ययन करने पर वैज्ञानिकों ने पाया कि यह कण ग्रीनलैंड तक पहुंचे थे। इन कणों में मिले सल्फर आइसोटोप ने वैज्ञानिकों को यह जानकारी दी कि यह कण 1831 और 1834 के बीच के ज्वालामुखी विस्फोटों के कारण उत्पन्न हुए थे। इस खोज ने वैज्ञानिकों को ज्वालामुखी विस्फोट के सटीक स्थान की पहचान करने में मदद की, जो पहले एक गुत्थी के रूप में था। ग्रीनलैंड के बर्फ के टुकड़ों से मिले नमूनों का अध्ययन करने पर, शोधकताओं ने यह पाया कि जावरित्स्की ज्वालामुखी के विस्फोट के कारण जो राख और कण ग्रीनलैंड तक पहुंचे थे, वे वही थे, जो 1831 में सुमिशिर द्वीप के विस्फोट से उत्पन्न हुए थे।



## इजराइल के हमलों में 200 नागरिकों की मौत

एजेंसी

**यरूशलम।** इजराइली सेना के लड़ाकू विमानों और ड्रोनों ने इस सप्ताह गाजा पट्टी में 100 से ज्यादा रिहायशी इलाकों पर बमबारी की, जिसमें करीब 200 लोगों के मारे जाने की खबर है जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सेना ने रविवार को बयान में कहा कि हवाई हमले आतंकवादियों के ठिकानों पर किए गए, जिनमें वह प्रक्षेपण स्थल भी शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल इजराइल की ओर तीन रॉकेट दागने के लिए किया गया था। इजराइली रक्षा बलों के मुताबिक इस हमले में कई हमास लड़ाके मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि इस सप्ताह करीब 92 इजराइली हवाई हमलों और गोलाबारी की घटनाओं में कम से कम 184 लोग मारे गए हैं। इससे पहले शनिवार को बताया गया था कि इजराइली सेना ने पिछले 72 घंटों में गाजा पट्टी पर 94 हवाई हमले और गोलाबारी की, जिसमें 184 लोग मारे गए। अपने बयान में हमास कार्यालय ने इसे खतरनाक और क्रूर बताया था, जिसमें विशेष रूप से गाजा शहर में निहत्थे नागरिकों और आवासीय क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया है कि कई पीड़ित या तो मारे गए हैं या घायल हो गए हैं। वहीं जो मलबे में फंसे हुए हैं उन्?हें बचाने और अस्पताल पहुंचने में बाधा आ रही है। गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि पिछले तीन दिनों में इजराइली हवाई हमले हिंसक रूप से तेज हुए हैं, जिसे स्थानीय लोगों ने बेहद कठिन समय बताया है। बयान में इन भयानक अपराधों के लिए इजराइली सेना को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया है और इजराइल को हथियार और राजनीतिक समर्थन देने के लिए अमेरिकी प्रशासन की भी आलोचना की है। इसने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इन जघन्य अपराधों का दस्तावेजीकरण करने और अपराधियों की जवाबदेही तय करने के लिए स्वतंत्र जांच दल भेजकर अपने कानूनी और नैतिक दायित्वों को निभाने का आह्वान किया है।



## ओडिशा के सीएम के पास गिरा ड्रोन

**झारसुगुड़ा।** ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी की सुरक्षा में बड़ी चूक हो गई। यह चूक तब हुई जब उनकी तस्वीरें लेने के लिए प्रशासन द्वारा तैनात किया गया एक ड्रोन दुर्घटनावश उनके नजदीक जा कर गिर गया। इससे वहां हड़कंच मच गया। इसमें किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह घटना 2 जनवरी को घटी, इसका वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। झारसुगुड़ा जिले के पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जिला प्रशासन ने सीएम और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की यात्रा के दौरान तस्वीरें लेने और वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया था।

## ब्रिटेन में 13,000 लोग गुमनामी की मौत का शिकार

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन में बफीर्ले तूफान के बीच जहां लोग माइनस 10 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान से जूझ रहे हैं, वहीं एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 1970 के बाद से ब्रिटेन में 13,000 से अधिक लोग गुमनाम हालातों में मौत के शिकार हुए हैं। इन मृतकों की पहचान न हो पाने के कारण उन्हें उनकी मौत की जगह के नाम से दफनाया गया। इन गुमनाम लोगों में से कुछ को नॉर्थ सी मैन, वेम्बली पॉइंट वूमन, और डेव द बस्कर जैसे नाम दिए गए। ये नाम उनके मृत्यु स्थल या पहचान के किसी छोटे से संकेत से जुड़े हैं। इनमें से अधिकांश के परिवार यह नहीं जान सके कि उनके प्रियजनों के साथ क्या हुआ। इन मामलों में से कई मृतकों के पास कुछ खास पहचान चिह्न, जैसे टैटू या अनोखे कपड़े, थे, लेकिन फिर भी उनकी पहचान नहीं हो सकी। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति समुद्र में मिला, जिसके पतलून की बेल्ट से लोहे के टुकड़े बंधे हुए थे। यह संकेत देता है कि कई मौतें संदिग्ध परिस्थितियों में हुईं, लेकिन उनकी कहानियां अब भी रहस्य बनी हुई हैं। 2019 में, डेव ग्रिमस्टेड ने लोकेट इंटरनेशनल नामक चैरिटी की स्थापना की, जो गुमशुदा लोगों के मामलों को सुलझाने में मदद करती है। यह संगठन विश्वविद्यालयों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, पुलिस विभागों, और सैकड़ों स्वयंसेवी जांचकताओं को जोड़कर काम करता है। इसका उद्देश्य इन गुमनाम लोगों की कहानियों को सुलझाना और उनके परिवारों तक सच्चाई पहुंचाना है।



## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ असम के दौरे पर

▶ रक्षा राज्य मंत्री ने असम में देखा पूर्वोत्तर का विकास

एजेंसी

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दो दिवसीय असम दौरे पर आज असम के विभिन्न संस्थाओं का दौरा कर पूर्वोत्तर के विकास कार्य को देखा। इस अवसर पर श्री सेठ ने बताया माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री हेमंता बिस्व शर्मा जी के नेतृत्व में असम रोजगार सृजन में भी कीर्तिमान बना रहा है। आज बजाली के पाताचारकुची अनुमंडल में दूध उत्पादक डेयरी किसान श्रीमती जूना तामुली बर्मन से मिला, उनके फार्म का भी अवलोकन किया। इनके उद्यम कौशल को लेकर पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। जूना तामुली डेयरी फार्म के साथ-साथ मत्स्य पालन तालाब का भी रखरखाव करती हैं। यह सुखद लगता है कि छोटे शहरों की महिला किसान भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रही हैं। अपनी आजीविका में सुधार कर रही हैं। श्रीमती बर्मन सभी महिला किसानों के लिए प्रेरणा हैं। *असम के बजाली में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया* यह आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक प्ले स्कूल है जो वहां के बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की दृष्टि से हर सुविधा से सुसज्जित है ।साथ ही असम में तपोवन स्पेशल स्कूल का अवलोकन कर बच्चों के संग संवाद किया वहां की शिक्षा प्रणाली से अवगत हुए साथ ही बजाली जिले के अधिकारियों के साथ भारत सरकार की विकास योजनाओं की समीक्षा की वहां के अनुमंडल सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया यहां नवजात शिशुओं को आधार कार्ड जारी करने की अच्छी व्यवस्था है जन्म प्रमाण पत्र के साथ ही आधार कार्ड भी दिए जाते हैं श्री सेठ ने कहा आज पूर्वोत्तर राज्य में विकास की गंगा बह रही है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व का यह परिणाम है।



## जज प्रशिक्षण कार्यक्रम को बांग्लादेश ने किया रद्द, भारत में होनी थी ट्रेनिंग

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत में आयोजित होने वाले न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। यह फैसला बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के तहत लिया गया है। इसके तहत 50 बांग्लादेशी जजों को मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी और राज्य न्यायिक अकादमी में 10 फरवरी को आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेना था। रद्द करने का यह आदेश बांग्लादेश संगबाद द्वारा रिपोर्ट किए जाने के बाद आया। बांग्लादेश सरकार ने अपने प्रवक्ता के जरिए यह जानकारी दी कि ट्रेनिंग कार्यक्रम के लिए दी गई अधिसूचना को रद्द कर दिया है, लेकिन विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। यह कार्यक्रम बांग्लादेशी न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों के लिए था, जिसमें जिला और सत्र न्यायाधीश से लेकर सहायक न्यायाधीश तक शामिल थे। भारत सरकार को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सभी खर्चों को उठाना था। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में हाल ही में तनाव बढ़ा है, विशेष रूप से जब बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के खिलाफ छात्र आंदोलन हुआ था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ कई हमले हुए, जिससे भारत ने अपनी चिंता जताई थी।

खास खबर

## स्विमिंग टीम के चयन के लिए ट्रायल सम्पन्न

**इन्दौर ।** 38वें नेशनल गेम्स में भाग लेने वाली मध्यप्रदेश की तैराकी एवं डाइविंग टीम के चयन ट्रायल सम्पन्न हुए । नेशनल गेम्स 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित होने जा रहे हैं। मध्यप्रदेश तैराकी संघ के सचिव जय वर्मा ने बताया कि डाइविंग टीम के चयन ट्रायल शनिवार को नेहरू पार्क स्विमिंग पूल पर रखे गए थे, जो प्रतिभागी शनिवार को डाइविंग के चयन के समय उपस्थित नहीं हो पाए थे उनको आज महूनाका स्विमिंग पूल पर उपस्थित हो ट्रायल देने के लिए बुलाया गया था। चयन ट्रायल के समय मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, योगेंद्र सिंह राठौर, सीमांत द्विवेदी, गौरव द्विवेदी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय कराते स्पर्धा के लिए साक्षी का चयन

**इन्दौर।** आईपीएस स्कूल की छात्रा साक्षी लोधी का चयन भारतीय कराते संघ के तत्वावधान में गोवा में आयोजित होने वाली 13वीं अंतरराष्ट्रीय कराते स्पर्धा के लिए किया गया है। साक्षी 30 किलोग्राम वजन श्रेणी 13 वर्षीय कैडेट इवेंट में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। स्पर्धा हेतु साक्षी का कोच माही धारू को मनोनीत किया गया हैं।उनके इस चयन पर जिला कोच अमय लश्करी और कराते मध्यप्रदेश के सचिव महेश कुशवाह ने बधाई दी।

## ग्रेट ब्रिटेन के एलिस्टर बने एकल विजेता

**इन्दौर ।** ग्रेट ब्रिटेन के एलिस्टर ग्रे भारतीय टेनिस संघ के तत्वावधान में मध्यप्रदेश टेनिस संघ द्वारा आयोजित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर एम-25 (पुरुष) 30 हजार डॉलर टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के विजेता बने। इन्दौर टेनिस क्लब में खेले गए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला ग्रेट ब्रिटेन के एलिस्टर ग्रे और अमेरिका का समीर बनर्जी के मध्य था। यह मुकाबला एलिस्टर ने 6-3, 1-1 से अपने नाम किया। पहला सेट एलिस्टर ने आसानी से 6-3 से अपने नाम किया। पहले सेट में एलिस्टर ने अपना दमदार खेल दिखाया और पहला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया। पहले सेट में समीर लय में नजर आए, जिसका फायदा एलिस्टर ने उठाया। दूसरे सेट में दोनों 1-1 गेम जीतकर बराबरी पर थे, इसी स्कोर पर समीर स्वास्थ्य कारणों से मैच से हट गए, और एलिस्टर यह खिताब 47 मिनट में ही जीत गए।

## एकुना की मौत को माना जा रहा आत्महत्या

**नई दिल्ली।** उरुग्वे के खिलाड़ी मैथियास एकुना शनिवार को इक्वाडोर के अंबाटो में मृत पाए गए, उनके क्लब मुशुक रूना ने सोशल मीडिया पर कहा कि प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट में इसे आत्महत्या का मामला माना गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 2025 सीजन से पहले इक्वाडोरियन सीरी ए टीम में शामिल हुए एकुना, अपने पूर्व साथी द्वारा शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद जांच के दायरे में थे। मुशुक रूना ने फेसबुक पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, खिलाड़ी मैथियास एकुना के शव की जांच से प्राप्त प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, यह आत्महत्या का मामला माना जा रहा है।

# अफगानिस्तान ने जीती द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने सोमवार को बुलावायो में जिम्बाब्वे को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से हराकर अपनी पहली द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला जीत हासिल की। बुलावायो में ही खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ समाप्त हुआ था। 2017 में टेस्ट दर्जा हासिल करने के बाद से यह अफगानिस्तान की 11 मैचों में चौथी जीत है। इसकी एकमात्र बहु-खेल टेस्ट श्रृंखला जिम्बाब्वे के खिलाफ दो बार हुई है, जिसमें से पहली, 2021 में खेली गई थी, जो 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुई थी। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में दूसरे टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। अफगानिस्तान के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और टीम केवल 157 रनों पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने सर्वाधिक 25 रन बनाए, वहीं जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा और न्यूमन न्यामहुरी ने 3-3 विकेट लिए, जबकि ब्लेसिंग मुजरबानी ने 2 और रिचर्ड नगारवा ने 1 विकेट लिया। जवाब में जिम्बाब्वे ने कप्तान क्रेग इर्विन (75) और सिकंदर रजा (61) के अर्धशतकऔर सीन विलियम्स के 49 रनों की पारी की बदौलत अपनी पहली पारी में 243 रन बनाए और 46 रनों की बढ़त हासिल की। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने 4, यामिन अहमदजई ने 3, फरीद अहमद ने 2 और जिया उर रहमान ने 1 विकेट लिया। इसके बाद अफगानिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में रहमत शाह (139) और इस्मत आलम (101) के शतकों की बदौलत 363 रन बनाए और जिम्बाब्वे के सामने 278 रनों का लक्ष्य रखा। दूसरी पारी में जिम्बाब्वे के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने 6, रिचर्ड नगारवा ने 3 और सिकंदर रजा ने 1 विकेट लिया। 278 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 205 रन पर आउट हो गई। जिम्बाब्वे के लिए क्रेग इर्विन ने 53 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इर्विन के अलावा बेन करन और सिंकदर रजा ने 38-38 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए करिश्माई स्पिनर राशिद खान ने 7 विकेट झटके। राशिद के अलावा जिया उर रहमान ने 2 विकेट लिए।राशिद खान को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच और रहमत शाह को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

## ऋषि धवन ने भारतीय सीमित ओवरों के क्रिकेट से लिया संन्यास



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर ऋषि धवन ने सीमित ओवरों की क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। धवन ने यह घोषणा विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप चरण के अंतिम दिन के बाद की, जिसमें हिमाचल प्रदेश अगले चरण में जगह नहीं बना पाया।

हालांकि, सोशल मीडिया हैंडल पर धवन की रिटायरमेंट की घोषणा में सीमित ओवरों के क्रिकेट का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है, जिससे पता चलता है कि वह रणजी सीजन के शेष भाग में हिमाचल के लिए खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। 34 वर्षीय धवन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चार बार भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें से सभी चार मैच उन्होंने वर्ष 2016 में खेले हैं। वह पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का भी हिस्सा रहे हैं, लेकिन हाल ही में हुई नीलामी में उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला।

धवन ने अपने बयान में कहा, ल्मैं भारी मन से भारतीय क्रिकेट (सीमित ओवर) से संन्यास की घोषणा करना चाहता हूँ, हालाँकि मुझे इसका कोई पछतावा नहीं है। यह एक ऐसा खेल है जिसने पिछले 20 वर्षों से मेरे जीवन को परिभाषित किया है। इस खेल ने मुझे अपार खुशी और अनगिनत यादें दी हैं जो हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहेंगी। साधारण शुरूआत से लेकर सबसे बड़े मंचों पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने तक, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है।

# एकदिनी श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

- स्मृति करेंगी कप्तानी, सायली सतघरे पदार्पण के लिए तैयार



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने सोमवार को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय घरेलू श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को शामिल नहीं किया गया है, उनकी जगह स्मृति मंधाना को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि दीप्ति शर्मा उपकप्तान होंगी। हरफनमौला खिलाड़ी सायली सतघरे पदार्पण के लिए तैयार हैं। दाएं हाथ की मध्यमगति की गेंदबाज सायली घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलती हैं, जबकि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में वो गुजरात जायंट्स का प्रतिनिधित्व करती हैं। आयरलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के मैच 10, 12 और 15 जनवरी को खेले जाएंगे, तीनों मैच राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में होंगे।

आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम इस प्रकार हैः स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), तेजल हसबनीस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तीतास साधु, साइमा ठाकोर, सायली सतघरे।

# पहले ही दौर से बाहर हुए सुमित नागल

ऑकलैंड ओपन 2025



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुमित नागल का ऑकलैंड ओपन अभियान पहले ही दौर में समाप्त हो गया। सोमवार को पहले दौर के मुकाबले में उन्हें 20 वर्षीय एलेक्स मिशेलसन के खिलाफ 6-7 (8-10), 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।

नागल ने पहले सेट में दमखम दिखाया और छह सेट प्वाइंट बचाकर आखिरकार सेट अपने नाम कर लिया। हालांकि, दुनिया में 41वें नंबर के खिलाड़ी मिशेलसन ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट जीतकर मैच बराबर कर दिया।

तीसरा सेट पूरी तरह से अमेरिकी खिलाड़ी के नाम रहा, जिन्होंने कई बेहतरीन शॉट लगाए, जिससे कई मौकों पर नागल की भी प्रशंसा हुई। हालांकि भारतीय खिलाड़ी निर्णायक गेम में 2-3 से बराबरी करने में सफल रहे, लेकिन मिशेलसन ने अपना दबदबा बनाए रखा और मैच को अपने नाम कर लिया।

इससे पहले विश्व में 96वें नंबर के खिलाड़ी नागल ने रविवार को शानदार खेल दिखाया था, उन्होंने फ्रांस के एड्रियन मानारिनो को सीधे सेटों में हराकर मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की थी।

भारतीय खिलाड़ी अब अपना ध्यान 12 जनवरी से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन पर लगाएंगे, जहां उनका लक्ष्य अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन (पिछले संस्करण में दूसरे दौर में जगह बनाना) को पीछे छोड़ना होगा।

## सिराज 100 टेस्ट विकेट लेने 23वें भारतीय गेंदबाज बने



एजेंसी

**सिडनी ।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बॉर्डर गावस्कर सीरीज में एक अहम उपलब्धि अपने नाम किया है। सीरीज ने इस सीरीज में कुल 20 विकेट लेने के साथ ही अपने 100 टेस्ट विकेट पूरे किये। अब वह 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये हैं। सिराज ने अंतिम टेस्ट में उस्मान ख्वाजा का विकेट लेने के साथ ही अपने 100वां विकेट पूरे किये। वह 100 टेस्ट विकेट लेने वाले भारत के 23वें खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले भारत से आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा ने भी 100 केट लिए थे। इस सीरीज में सिराज ने प्रसिद्ध कृष्णा के साथ मिलकर गेंदबाजी की। सिराज ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का समापन 31.15 की औसत और 3.96 की इकॉनमी के साथ 20 विकेट लेकर किया। वह दोनों टीमों में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। सिराज ने अब तक कुल मिलाकर 36 टेस्ट और 67 पारियों में 30.74 की औसत और 3.47 की इकॉनमी से 100 टेस्ट विकेट लिए हैं।

## कोपा डेल रे से बाहर हुए लास पालमास, वलाडोलिड

**मैड्रिड।** कोपा डेल रे के तीसरे दौर में रविवार को दो और उलटफेर देखने को मिले, जिसमें ला लीगा की टीमें निचली लीग की प्रतिद्वंद्वी टीमों से हार गईं। दूसरे डिवीजन की एल्चे ने शीर्ष स्तर की लास पालमास के खिलाफ घरेलू मैदान पर 4-0 से जोरदार जीत दर्ज की, जिसमें घरेलू टीम ने शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा और हाफटाइम के स्ट्रोक पर रोड्रिगो मेंडोजा के गोल से बढ़त हासिल की। इसके बाद एल्चे ने ब्रेक के बाद डेविड एफेंग्रुबर, जोस सेलिनास और निकोलस फर्नांडीज के गोल की मदद से शानदार जीत दर्ज कर अंतिम-16 में प्रवेश किया। तीसरे दर्जे की ओरेंस ने दो बार पीछे से वापसी की और फिर ला लीगा के सबसे निचले क्लब वलाडोलिड को 3-2 से हरा दिया।

# चमक बिखेरने को तैयार शिखर धवन, हरभजन सिंह और सुरेश रैना

लीजेंड 90 लीग



एजेंसी

**नई दिल्ली।** लीजेंड 90 क्रिकेट लीग का उद्घाटन संस्करण फरवरी में शुरू हो रहा है। 90 गेंदों वाले इस लीग में दुनिया भर के क्रिकेट दिग्गज एक साथ खेल के मैदान में उतरेंगे और यह लीग खेल को पूरी तरह से बदल देगी। सात फ्रैंचाइजी-छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लेडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज और राजस्थान किंग्स के साथ खेल के अविस्मरणीय जश्न के लिए मंच तैयार है। शिखर धवन और रॉस टेलर दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि क्रिस गेल बिग बॉयज के लिए अपनी ताकत दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स की कमान संभालेंगे और हरभजन सिंह हरियाणा ग्लेडिएटर्स के लिए अपना जादू बिखेरेंगे। लीग में सुरेश रैना, मोइन अली और मार्टिन गुप्टिल जैसे क्रिकेट के दिग्गज भी शामिल होंगे, जो प्रशंसकों को क्रिकेट की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने का मौका देंगे। लीजेंड 90 लीग के निदेशक शिवैन शर्मा ने लीग के अभिनव दृष्टिकोण और दुनिया भर के प्रशंसकों को लुभाने की इसकी क्षमता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, ह्लीजेंड 90 लीग क्रिकेट के कालातीत आकर्षण का उत्सव है, जिसमें पुरानी यादों को नवीनता के साथ जोड़ा गया है। सात अविश्वसनीय फ्रैंचाइज और क्रिस गेल, सुरेश रैना और शिखर धवन जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में, यह 90-गेंद का प्रारूप सीट-ऑफ-द-सीट एक्शन का वादा करता है। यह खेल के कुछ महानतम खिलाड़ियों को क्रिकेट मनोरंजन में एक रोमांचक नए अध्याय के लिए एक साथ आते देखने का अवसर है। मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायुडू जैसे मार्की खिलाड़ियों के साथ छत्तीसगढ़ वॉरियर्स एक मजबूत प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुणेश सिंह परिहार ने कहा, ह्लयह लीग एक अभूतपूर्व मंच है, और मैं गुप्टिल और रैना जैसे दिग्गजों को फिर से मैदान में देखकर रोमांचित हूँ। 90 गेंदों का प्रारूप एक नया परिप्रेक्ष्य लेकर आता है, और मुझे विश्वास है कि प्रशंसक अविस्मरणीय क्षणों के साक्षी बनेंगे क्योंकि ये खिलाड़ी अपनी स्थायी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# बल्लेबाजी शैली में बदलाव के कारण विफल रहे शुभमन : पोंटिंग



एजेंसी

**मेलबर्न ।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल अपने इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रन बनाने में विफल रहे हैं। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि शुभमन ने अपनी बल्लेबाजी शैली में पिछले कुछ समय में बदलाव किये हैं, इसलिए लिए वह विदेश दौरों पर असफल हो रहे हैं। उन्हें इससे उबरने अपना आत्मविश्वास बनाये रखना होगा इसके अलावा अपनी रक्षात्मक तकनीक को भी बेहतर करना होगा। गिल अंगूठे की चोट के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। वहीं एडीलेड में दूसरे टेस्ट में वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट में भी वह पहली पारी में रन नहीं बना पाये। मेलबर्न में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। इसके बाद सिडनी में उन्हें शामिल किया गया पर वह वहां भी असफल रहे। पोंटिंग ने कहा, ह्यमुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई जवाब नहीं है पर विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में दूसरे टेस्ट में उन्होंने इस युवा बल्लेबाज की तकनीक में काफी बदलाव देखे जिससे उनसे रन नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैने एडीलेड में उसे बल्लेबाजी करते देखा और लगा कि उसने काफी बदलाव कर लिया है। स्कॉट बोलैंड गेंदबाजी कर रहा था और उसने ऑफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर फ्रंट पैड आगे कर विकेट गंवा दिया। पोंटिंग ने कहा कि शैली में बदलाव करने की जगह शुभमन को अपने आप पर भरोसा करके बल्लेबाजी में सुधार करना चाहिए था। उन्होंने कहा, ह्यउसे अपनी रक्षात्मक तकनीक को और बेहतर करना होगा जिससे वह रन बना सके। उसने अपने देश में या दुनिया में हर जगह आक्रामक होकर रन बनाए हैं।

# विराट खेल में रोमांच लाते हैं : कमिंस



एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि विराट कोहली एक शानदार खिलाड़ी हैं जो खेल को रोमांचक बनाते हैं। वहीं अगर ये उनका उनका अंतिम दौरा था तो ये मेरे लिए निराशाजनक है। इस सीरीज में विराट बल्लेबाजी में असफल रहे और पांच टेस्ट में आठ बार आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर आउट हुए। सीरीज में उनकी उपलब्धि की बात करें तो उनके नाम एक शतक रहा। इसी के बाद से ही टीम में उनके रहने को लेकर सवाल उठने लगे थे। कमिंस ने पांचवां टेस्ट छह विकेट से जीतने के बाद कहा, ह्य बॉर्डर गावस्कर सीरीज में हमेशा ही एक शानदार मुकाबला रहता है। रनों के अलावा वह खेल में रोमांच लेकर आता है जो कई बार अच्छा होता है और कई बार विरोधी को भड़का भी देता है जो उसकी रणनीति रहती है। उसके साथ खेलने का अलग ही आनंद है। वह पिछले एक दशक से स्टार बल्लेबाज रहा है। अगर आप उसका विकेट लेते हैं तो जीतने में काफी सहायता मिलती है। अगर यह उसकी आखिरी सीरीज साबित होती है तो यह दुखद है।

कमिंस ने मान है कि सीरीज के अंतिम दिन जसप्रीत बुमराह के बाहर रहने से उन्हें लाभ हुआ। उन्होंने कहा, ह्यहर बार जब भी उसने गेंदबाजी की, अपना प्रभाव छोड़कर महत्वपूर्ण विकेट लिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि उसके नहीं खेलने से हमें फायदा मिला। उन्होंने रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के नाम पर अंतिम टेस्ट से बाहर रहने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ह्यजब कप्तान नहीं खेलता है तो हैरानी होती है। अश्विन के संन्यास के समय भी हमें हैरानी हुई पर हमें उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कमिंस ने कहा, आप बस यह देखते हैं कि आपको किस अंतिम एकादश का सामना करना है।

# अब जून में टेस्ट सीरीज खेलेगी भारतीय टीम



एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा समाप्त हो गया है। अपने दो माह के इस दौरे में भारतीय टीम को अंत में 3-1 से सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही पिछले एक दशक से उसके पास रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी भी हाथ से निकल गयी है। इस सीरीज में दोनो ही टीमें बड़े स्कोर नहीं बना पायीं। भारतीय टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह से संघर्ष करती दिखी। अब भारतीय टीम करीब छह महीने के बाद जून में टेस्ट खेलेगी और उसका लक्ष्य इस ऑस्ट्रेलिया दौरे की गलतियों को सुधारना रहेगा।

भारतीय क्रिकेट टीम अब जून में टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। ये टेस्ट सीरीज इंग्लैंड में होगी। टीम इंडिया इंग्लैंड के दौरे में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 20 जून से हेडिंग्ले में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से बर्मिंघम में। वहीं तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में ओर चौथा 23 जुलाई से मैनचेस्टर में होगा। पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच 31 जुलाई से द ओवल में खेला जाएगा। सीरीज के पांचों टेस्ट मैच भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 3:30 बजे से खेले जाएंगे।

भारतीय टीम इसी महीने जनवारी में इंग्लैंड की मेजबानी करेगी, इस सीरीज में टेस्ट मैच नहीं खेले जाएंगे। भारतीय टीम इस घरेलू सीरीज में 3 एकदिवसीय और 5 टी20 मैच खेलेगी। इस सीरीज की शुरूआत 22 जनवरी से होगी. दोनों टीमें पहले टी20 में कोलकाता में आमना-सामना करेंगी जबकि सीरीज का दूसरा टी20 मैच 25 को चेन्नई में वहीं तीसरा टी20 मैच 28 को राजकोट में खेला जाएगा। चौथा टी20 मैच 31 जनवरी को पुणे में जबकि पांचवां और आखिरी टी20 दो फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा।टी20 सीरीज के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड से 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज में भी मुकाबला करेगी। वनडे सीरीज की शुरूआत 6 फरवरी से नागपुर में होगी जबकि दूसरा एकदिवसीय 9 फरवरी को कटक में जबकि तीसरा और आखिरी एकदिवसीय 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम फरवरी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए यूएई जाएगी।



चीन में इथोपिया की रुटी आगा जियामेन मैराथन में फिनिश लाइन पार करती हुई।



## पायल को मिला बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड, फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को क्रिटिक्स ने सराहा

**पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट के नाम कई उपलब्धियां दर्ज हो चुकी हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में खूब तारीफें बटोरने और अवॉर्ड जीतने के बाद यह फिल्म गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स पाने की दौड़ में शामिल है। हाल ही में पायल कपाड़िया को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड नेशनल सोसाइटी ऑफ फिल्म क्रिटिक्स की तरफ से मिला है।**

### क्रिटिक्स की मिली है सराहना

पायल कपाड़िया को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड नेशनल सोसाइटी ऑफ फिल्म क्रिटिक्स की तरफ से मिला है तो इसका मतलब है कि उनकी फिल्म को क्रिटिक्स द्वारा पसंद किया गया है। यह फिल्म शुरुआत से ही प्रशंसकों के साथ आलोचकों को भी पसंद आई है। फिल्म की कहानी की बात की जाए तो इसमें मुंबई के बैकड्रॉप को लेकर आम महिलाओं के संघर्ष और जीवन को बहुत ही उम्दा तरीके से दिखाया गया है। पायल का डायरेक्शन भी बिल्कुल हटकर है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में कनी कुश्रुति, दिव्या प्रभा, छाया कदम जैसी बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। इन सभी ने अपनी रोल को बहुत ही उम्दा तरीके से पर्दे पर निभाया है। खासकर कनी और दिव्या का काम दर्शकों को खूब भाया है।

### अब ग्लोडन ग्लोब का इंतजार

अब 82वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में भी भारतीय दर्शकों की नजर पायल कपाड़िया की फिल्म पर टिकी हुई है। फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट को अवॉर्ड मिले, ऐसा हर मूवी लवर की ख्वाहिश है। दरअसल, पायल की फिल्म को आस्कर में नॉमिनेट होने का मौका नहीं मिला था, ऐसे में भारतीय सिनेप्रेमी चाहते हैं कि 82वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट अवॉर्ड जरूर जीत जाए।

### दो कैटेगिरी में नॉमिनेशन

गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' का नॉमिनेशन दो कैटेगिरी में हुआ है, एक बेस्ट डायरेक्टर और दूसरी बेस्ट मोशन पिक्चर (नॉन इंग्लिश लैंग्वेज)। यह अवॉर्ड्स फंक्शन 6 जनवरी 2024 को टेलीकास्ट होगा।



## एनिमल के विवाद को दरकिनार कर तृप्ति ने बताई फिल्म करने की असल वजह

तृप्ति डिमरी ने अपने छोटे से करियर में काफी लोकप्रियता हासिल की है। लैला मजनू से स्क्रीन पर डेब्यू करने वाली तृप्ति को संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म एनिमल से काफी पॉपुलैरिटी हासिल हुई थी। हालांकि, फिल्म को काफी विवादों का सामना करना पड़ा था और इसे एंटी फेमिनिस्ट फिल्म भी कहा गया था, लेकिन तृप्ति का कहना है कि उन्होंने एनिमल को महिला विरोधी फिल्म के रूप में नहीं बल्कि एक बड़ी फिल्म के रूप में देखा था।

एनिमल को महिला विरोधी फिल्म नहीं मानतीं तृप्ति हाल ही में, फिल्मफेयर के साथ एक साक्षात्कार में तृप्ति ने कहा, मैंने इसे नारीवाद विरोधी फिल्म के तौर पर नहीं देखा। मैं फिल्मों को ऐसे टैग नहीं देती। बुलबुल और कला करते समय भी मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नारीवादी फिल्म कर रही हूं। मैं किरदारों से जुड़ी, निर्देशकों पर भरोसा किया और मुझे लगा कि मुझे यह फिल्म करनी चाहिए।

### रोल के साथ करना था एक्सपेरिमेंट

एनिमल में काम करने को लेकर अभिनेत्री ने कहा, जब मुझे एनिमल ऑफर किया गया था, तब भी मैं संदीप सर से मिली थी और उन्होंने मुझे कहानी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया, उन्होंने मेरे किरदार के बारे में बताया। मेरे लिए, जो बात सबसे अलग थी, वह यह थी कि मैंने अब तक सिर्फ अच्छे और अच्छे लोगों की भूमिकाएं ही की हैं और मुझे लगा कि यह एक अच्छा मौका है, जहां मैं और किरदार भी निभा सकती हूं।

### फिल्म में जोया का किरदार लगा चैलेंजिंग

फिल्म में जोया की भूमिका के बारे में बताते हुए तृप्ति ने कहा, वंगा सर ने मुझे कुछ बहुत ही दिलचस्प बात बताई। वह मेरी आंखों में मासूमिय देखना चाहते थे, लेकिन मेरे दिल में वह मिशन होना चाहिए, जिसे मैं पूरा करना चाहती हूं। मैं वहां कैसे पहुंचूं, यह मेरा काम था। मुझे यह काफी चैलेंजिंग लगा, इसी वजह से मैंने हां कहा।

### बड़ी फिल्म करना चाहती थीं तृप्ति

हालांकि, आगे इंटरव्यू में अभिनेत्री ने यह बात मानी कि वह एक बड़ी फिल्म करना चाहती थीं। अभिनेत्री ने कहा, उस समय, एक बड़ी फिल्म मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। शायद, मुझे कुछ नया सीखने को मिलेगा और मुझे यह भी देखने को मिलेगा कि बड़ी फिल्में कैसे बनती हैं।

## इस दिन से ड्रैगन की शूटिंग शुरू करेंगे जूनियर एनटीआर



साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर हाल ही में देवरा में जान्हवी कपूर के साथ नजर आए थे और फिलहाल वह बॉलीवुड फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में वह खलनायक बन बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के साथ दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस विशेष के रूप में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, इस बीच जूनियर एनटीआर के पास प्रशांत नील द्वारा निर्देशित एक पैन इंडिया फिल्म भी है, जिस पर नया अपडेट सामने आया है। यह जूनियर एनटीआर की 31वीं फिल्म होगी। एनटीआर 31 का संभावित शीर्षक ड्रैगन है। यह एक एक्शन फिल्म होगी। वहीं, अब फिल्म को लेकर ताजा जानकारी इसकी शूटिंग के बारे में सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ड्रैगन की शूटिंग 16 जनवरी 2025 से शुरू होने की उम्मीद है और यह शेड्यूल मंगलुरु में होगा। हालांकि, इस खबर पर निर्माताओं या खुद अभिनेता जूनियर एनटीआर की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। इस पर अभी निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है।



## पर्सनल लाइफ को लेकर बोलीं शालिनी पासी

शालिनी पासी ने हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने जल्दी शादी होने पर भी बात की। शालिनी ने शाहरुख खान और गौरी खान को लेकर कहा- मेरी काफी कम उम्र में शादी हो गई थी और उस टाइम गौरी ने मुझे काफी सपोर्ट किया था। शालिनी पासी ने मोजो स्टोरी में बरखा दत्त से बातचीत करते हुए कहा कि शाहरुख खान और गौरी खान उनके फैमिली फ्रेंड हैं। शालिनी के पति संजय पासी और शाहरुख खान स्कूल टाइम से दोस्त हैं।

### रिश्तों को लेकर काफी मूडी हूं

उन्होंने कहा- संजय रिश्तों को लेकर काफी अच्छे हैं, जबकि मुझे अपने में रहना ज्यादा पसंद है। मैं बहुत ज्यादा मूडी हूं। संजय लोगों के साथ कॉन्टेक्ट बनाने में माहिर हैं, जबकि मैं ऐसा नहीं हूं। मैं किसी के लिए 100% अवेलेबल रहती हूं, लेकिन ये सब मेरे मूड पर डिपेंड करता है। शालिनी पासी ने आगे कहा- 'शाहरुख खान और गौरी के केस में ऐसा नहीं है। वो दिल्ली के रहने वाले लोग हैं, जिन्होंने बॉम्बे में काफी नाम कमाया है। फिर भी वो दोनों अपने सभी दोस्तों के साथ कॉन्टेक्ट में हैं जो काफी अच्छा है। गौरी ने मुझे हर टाइम सपोर्ट किया है। मेरी शादी बहुत छोटी उम्र में हो गई थी और गौरी मुझे हमेशा अपना एग्जांपल देकर समझाती थीं। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मुझे पता था कि मैं उन पर ट्रस्ट कर सकती हूं।'

### नेटफ्लिक्स के शो में नजर आई थीं शालिनी

शालिनी पासी नेटफ्लिक्स के फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स के तीसरे सीजन में डेब्यू करने के बाद से काफी चर्चा में हैं।

### 20 साल की कम उम्र में हुई थी शादी

बता दें, शालिनी ने 20 साल की उम्र में बिजनेसमैन संजय पासी से शादी कर ली थी। उन्होंने 21 साल की उम्र में एक बेटे को जन्म दिया था। उनका बेटा अब 27 साल का है। शालिनी ने कम उम्र में शादी करने के फैसले को सही बताया है।




## टाइगर श्रॉफ ने अपने गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम की एक झलक साझा की

**टाइगर श्रॉफ अपने अभिनय कौशल के अलावा अपनी बेहतरीन फिटनेस, जबरदस्त एक्शन दृश्यों और शानदार डांस मूव्स के लिए भी जाने जाते हैं। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अपने गहन प्रशिक्षण के बारे में जानकारी साझा की।**

टाइगर श्रॉफ ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेहद प्रभावशाली किक करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। उन्हें अपने ट्रेनर पर शक्तिशाली किक मारते हुए हवा में उछलते हुए देखा जा सकता है। उन्हें बड़े स्क्रीन पर ऐसा कुछ करते हुए देखना दिलचस्प होगा। वीडियो के साथ बागी अभिनेता ने एक नोट लिखा, जिसमें लिखा था, आमतौर पर मुझे अपने किसी भी कौशल पर गर्व नहीं होता..लेकिन, यह एक ऐसा है जिसके बारे में मुझे आश्चर्य है कि मैंने इसे अभी तक क्यों नहीं देखा...भाईजान बच गए सॉरी नदीम अख्तर। इसके बाद नेटिजेंस ने टाइगर श्रॉफ के इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में टिप्पणियों की बाढ़ ला दी, जैसे कि मैं आपका सबसे बड़ा प्रशंसक हूं सर टाइगर श्रॉफ मैं आपसे प्यार करता हूं, फ्लाइंग मशीन, अद्भुत भाई...सुपर मूव, बड़ा प्रशंसक सर, और आप पर वीर हनुमान बजरंग बली का आशीर्वाद है।

टाइगर श्रॉफ समय-समय पर इंटरनेट पर अपनी फिटनेस यात्रा के ऐसे प्रेरक वीडियो डालने के लिए जाने जाते हैं। काम के मोर्चे पर अगर हम बात करें तो टाइगर श्रॉफ वर्तमान में अपनी आगामी एक्शन एंटरटेनर, बागी 4 के लिए तैयार हैं। लोकप्रिय बागी सीरीज की चौथी किस्त में संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज़ संधू मुख्य कलाकार के रूप में नजर आएंगे। ए हर्षा के निर्देशन में बनी यह फिल्म इस साल 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस ड्रामा को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है, जबकि स्वामी जे गौड़ा ने सिनेमैटोग्राफी का काम संभाला है। पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज संधू भी बागी 4 के साथ बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। टाइगर एक बार फिर इस फैंचाइजी की नवीनतम किस्त में रॉनी के रूप में अपनी भूमिका को दोहराते हुए दिखाई देंगे।



## अक्षय कुमार को अपकमिंग फिल्मों से उम्मीद, क्या हिट एक्टर की लिस्ट में शामिल हो पाएंगे अभिनेता?

**बॉलीवुड में साल 2025 की शुरुआत में अक्षय कुमार की एक फिल्म सिनेमाघरों में नजर आएगी। साल भर भी अक्षय की कई फिल्में देखने को मिलेंगी। क्या ये फिल्में खिलाड़ी कुमार के करियर पर लगे रहे फ्लॉप के ठप्पे को दूर कर पाएंगी? पिछले दो सालों में अक्षय कुमार के खाते में हिट कम, फ्लॉप फिल्में ज्यादा रही हैं। ऐसे में साल 2025 क्या अक्षय कुमार के करियर के लिए एक बेहतर साल साबित होगा या नहीं, यह उनकी फिल्मों की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट की बताएगी। साल 2025 में अक्षय कौन सी फिल्मों में नजर आएंगे?**

### स्कॉय फोर्स

साल 2025 में अक्षय कुमार की फिल्म 'स्कॉय फोर्स' दर्शकों को देखने को मिलेगी। 24 जनवरी को यह फिल्म रिलीज हो रही है, 26 जनवरी की छुट्टी का फायदा भी फिल्म को मिल सकता है। साथ ही गणतंत्र दिवस के मौके पर देशभक्ति की कहानी वाली फिल्म दर्शक देखने आ ही सकते हैं। फिल्म को लेकर उत्सुकता भी देखी जा रही है, सोशल मीडिया में इसके ट्रेलर को लेकर काफी क्रेज देखा गया है।

### सी शंकरन पर फिल्म

वकील और पॉलिटिशियन रहे सी. शंकरन पर आधारित एक फिल्म में भी अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसमें उनके साथ एक्टर आर. माधवन भी होंगे। फिल्म को लेकर अभी अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन सब्जेक्ट इंट्रेस्टिंग जरूर लग रहा है।

### जॉली एलएलबी 3

'जॉली एलएलबी' सीरीज की फिल्मों का अपना अलग एक दर्शक वर्ग है। इस सीरीज की पहली फिल्म में अरशद वारसी नजर आए, दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार थे। अब 'जॉली एलएलबी 3' में अक्षय कुमार और अरशद वारसी दोनों ही नजर आएंगे। इस तरह दर्शकों को कॉमेडी की डबल डोज फिल्म में मिल सकती है।

### हाउसफुल 5

हाउसफुल सीरीज की फिल्मों का भी हिस्सा अक्षय कुमार लंबे समय से बने हुए हैं। साल 2025 में वह 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगे, इसमें बॉलीवुड एक्टर्स की एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग खत्म हुई है। हाउसफुल सीरीज की फिल्मों में अक्षय की कॉमेडी दर्शकों को भाती है, इस साल भी हो सकता है कि वह दर्शकों को एंटरटेन कर पाएं।

### कन्नपा

तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' में अक्षय कुमार कैमियो करेंगे। वह फिल्म में भगवान शिव की भूमिका निभा सकते हैं। यह बात फिल्म के ट्रेलर के जरिए पता चली है। फिल्म में साउथ के कई नामी कलाकार भी नजर आने वाले हैं।

## अनुपमा शो छोड़ रहीं रूपाली गांगुली? अभिनेत्री ने बताया सच

अनुपमा शो से कई महीनों से लगातार कई कलाकार बाहर हो चुके हैं, वहीं, अब खबरें आ रही थीं कि खुद रूपाली गांगुली भी शो छोड़ देंगी। वहीं, अब खुद अभिनेत्री ने ही इन खबरों का खंडन कर सच बताया है। रुपाली ने कहा- वाह, लोगों की सोच को मैं सराहती हूं, आप सभी का धन्यवाद कि आप मेरे बारे में और शो के बारे में बात कर रहे हैं। मैं क्या कहूं? हर इंसान का एक कोर होता है और मेरा कोर, मेरा विश्वास है, रूपाली ने प्रोड्यूसर राजन शाही की भी तारीफ की। उन्होंने आगे कहा- अनुपमा सिर्फ एक शो नहीं है मेरे लिए, यह एक भावना है, मेरा घर है, मेरा दूसरा घर, मेरे सारे पेट डॉग्स यहीं हैं और पूरी यूनिट एक परिवार बन गई है। क्या कोई अपना परिवार, घर छोड़ता है और भगवान न करे, ऐसा कभी जिंदगी में हो, अगर कभी राजन जी कह दें कि उन्हें मेरी जरूरत नहीं है तो शायद मैं उनसे लड़ाई करूं, बहस करूं और कहूं, प्लीज मुझे अनुपमा में रहने दीजिए।



# लैंड पुलिंग नीति बनाकर किसानों को देंगे प्लॉट: मुख्यमंत्री

## लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले नोएडा के किसान



**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा के किसानों को भरोसा दिलाया है कि सरकार जल्द ही लैंड पुलिंग नीति लाएगी जिसके द्वारा किसानों को विकसित प्लॉट दिए जाएंगे। नोएडा में पिछले कई महीनों से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों के नेताओं ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। मुख्यमंत्री और किसान नेताओं के बीच लगभग 45 मिनट तक चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों के हर मुद्दे को हल करने का आश्वासन किसान संगठन के नेताओं को दिया है।

लखनऊ में भारतीय किसान परिषद, अखिल भारतीय किसान सभा और किसान एकता संघ के प्रतिनिधि मंडल की बैठक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई। जिसमें किसानों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री द्वारा गौतमबुद्ध नगर के किसानों के मुद्दों को इतना गंभीर लिया कि 45 मिनट तक किसानों के प्रतिनिधि मंडल से विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए किसानों के हर मुद्दे को हल करने का आश्वाशन दिया।

मुख्यमंत्री की भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा, किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के साथ राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल बालियान प्रतिनिधि मंडल के रूप में आंदोलनरत किसानों के 10 प्रतिशत आबादी प्लाट एवं नए अधिग्रहण कानून,2013 को लागू करने के मुद्दों सहित अन्य मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने नए कानून के बारे में एक ऐसी लैंड पुलिंग नीति के संबंध में जल्दी ही फैसला लेने का आश्वासन दिया है। जिसमें किसानों को लैंड पुलिंग के तहत विकसित प्लाट मिलेगा एवं सर्किल रेट का रिवीजन होकर बाजार भाव पर भूमि की खरीद हो सकेगी। इस तरह की नीति आने से किसान विकास की प्रक्रिया में हिस्सेदार हो सकेंगे। किसान नेता सुखबीर खलीफा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 10 प्रतिशत के मुद्दे पर जल्दी ही सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया है, बातचीत के बारे में सोरन प्रधान ने अवगत कराते हुए बयान दिया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि लंबित मुद्दों के संबंध में वह किसानों के लगातार संपर्क में रहेंगे।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आपके स्तर पर हमारा संवाद नहीं रहने से एवं शासन स्तर पर प्राधिकरण द्वारा भेजी गई पत्रवालियो के समय पर अनुमोदन नहीं होने शासनादेश समय पर जारी नहीं करने से मुद्दे लगातार लंबित रहते हैं। किसान नेताओं ने अवगत कराया कि लंबित पत्रावलियों के कारण किसानों के 5 प्रतिशत व 6 प्रतिशत प्लाटों को नियोजित करने में देरी होने को जल्द नियोजित करने संबंधी निर्देश दिए। आबादी प्रकरणों में 450 वर्ग मीटर की दर को 1000 करने के लिए नियमावली में परिवर्तन किया जाएगा, 6040 प्लॉट को अतिक्रमण के दायरे से बाहर कर 5त्न के प्लॉट दिए जाएंगे, एस आई टी जांच के संबंध में शासनादेश एवं अन्य मुद्दों पर भी आवश्यकता अनुसार किसानों के पक्ष में शासन स्तर से जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा के सूरज वर्मा ने सोनीपत में जीता स्वर्ण पदक



**नोएडा (चेतना मंच)।** हरियाणा के सोनीपत में 4 और 5 जनवरी 2025 को रोटरी क्लब में आयोजित इंडिया कप 2025-नेशनल बेंचप्रेस और डेडलिफ्ट चैंपियनशिप (RAW) में नोएडा के सूरज वर्मा ने अपना पांचवां स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता का आयोजन NSPF और GPC द्वारा किया गया, जिसमें 10 राज्यों के 180 पावरलिफ्टर्स ने भाग लिया।

यह आयोजन शक्ति, जुनून और खेल भावना का प्रतीक रहा। सुरज वर्मा ने अपनी जीत से एक बार फिर अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण को साबित किया।

# शाहाना नगर कीतर्न का नोएडा में जगह-जगह भव्य स्वागत





**नोएडा (चेतना मंच)।** साहिबे कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को समर्पित शाहाना नगर कीर्तन का सेक्टर 12 में सच्चे सिपाही टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी सेक्टर 12 से शुरू हो कर यह कीर्तन नोएडा के विभिन्न सेक्टरो से गुजरते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर-18 तक पहुंचेगा।

शहर के सभी श्रद्धालुओं ने जगह जगह पर नगर कीर्तन में आये स्कूली बच्चों और संगत की सेवा के लिए विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए थे। सच्चे सिपाही टीम की मुख्य संचालिका रचना जैन ने बताया कि टीम ने फल वितरण सेवा को चुना और संगत में ताजे फलों का वितरण किया।

सेवा में मधु बाला, बबिता वार्ष्णेय, रितु दुग्गल, एलिशा सूरी, कविता मखीजा, मीनाक्षी चौहान, रेखा गोयल, गुरमीत कौर, रोमीला घई , बीना गौर, शोभा व अनिल ने सहयोग किया।

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसो. नोएडा के अध्यक्ष सुरेन्द्र नाहटा और उनकी टीम द्वारा भी शाहाना नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। उनकी टीम ने प्रसाद वितरण किया और पंच प्यारों का स्वागत किया।

# पिछड़े समाज की अनदेखी करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे : डॉ. लोकेश प्रजापति

**नोएडा (चेतना मंच)।** राष्ट्रीय पछड़ा वर्ग आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंत्री प्राप्त केंद्रीय मंत्री डॉ. लोकेश प्रजापति ने पिछड़े वर्ग समाज के लोगों की अनदेखी करने पर सरकारी विभागों के अफसर को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे अफसरों को चिन्हित कर बतायें ताकि उनकी शिकायत उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करके उन पर कार्रवाई कराई जा सके।

इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा पिछड़ा वर्ग आयोग के कैंप प्रभारी जयप्रकाश प्रजापति के आवास पर वे स्वागत समारोह के बाद संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेताओं ने डॉ लोकेश प्रजापति से प्राधिकरण व पुलिस के कुछ अफसरों की शिकायत की जो पिछड़ा वर्ग की अनदेखी कर रहे थे।



इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रजापति, प्रमोद प्रजापति भाजपा राष्ट्रीय कार्यकाणी सदस्य, भगवान प्रजापति भाजपा नेता, सुरेश प्रजापति भाजपा युवा नेता मौजूद रहे। जयप्रकाश प्रजापति द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

# 'नोएडा में नए कॉलेज, एम्स और ड्राइविंग टेस्ट सेंटर की हो स्थापना'

## मुख्यमंत्री से फोनरवा की टीम ने की भेंट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और उनके सामने नोएडा में एम्स, नए कॉलेज तथा नोएडा में ड्राईविंग टेस्ट सेंटर की स्थापना करने सहित विभिन्न मुददों को उठाया।



फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के दौरान उन्होंने नोएडा जैसे उभरते हुए शहर में एक उच्च-स्तरीय ट्रामा सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता के बारे में अवगत कराया। नोएडा जैसे बड़े और तेजी से विकसित हो रहे शहर में ट्रामा सेंटर की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। नोएडा की जनसंख्या 10 लाख से अधिक है, और यहां बड़ी संख्या में लोग काम के लिए रोजाना आते-जाते हैं। अक्सर होने वाली सड़क दुर्घटनाएँ और औद्योगिक क्षेत्र में होने वाली आपात स्थितियाँ आम हैं। गंभीर स्थिति में, समय पर इलाज न मिलने के कारण मरीज की जान जाने का खतरा बढ़ जाता है। कई मरीजों को दिल्ली या अन्य अस्पताल में भेजा जाता हे जिससे इलाज में देरी होती है।

फोनरवा ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा जिसमें नोएडा में नए कॉलेज की स्थापना की बात भी कही गई है। नोएडा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का एक महत्वपूर्ण शहर और उत्तर प्रदेश का अग्रणी औद्योगिक नगर है। उच्च शिक्षा की सीमित उपलब्धता व केवल एक महाविद्यालय होने के कारण छात्रों के लिए उच्च शिक्षा विकल्पों की भारी कमी है। छात्रों को गाजियाबाद, दिल्ली, फरीदाबाद और मेरठ जैसे शहरों में शिक्षा के लिए जाना पड़ता है।

इसके साथ ही अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना की मांग भी फोनरवा के सदस्यों द्वारा की गई। नोएडा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएँ। यह संस्थान न केवल नोएडा बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक वरदान साबित होगा।

फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री से नोएडा में सस्ती और समावेशी हाउसिंग स्कीम लाने की भी मांग की गई साथ ही नीलामी प्रक्रिया के स्थान पर लॉटरी सिस्टम लागू किया जाए और एकमुश्त भुगतान की बाध्यता को समाप्त कर किस्तों में भुगतान का विकल्प दिया जाए। ताकि सभी वर्गों के लोगों को समान अवसर मिल सके।

उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि नोएडा प्राधिकरण को निर्देशित करें कि वह निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट्स का निर्माण शुरू करे। यह कदम नोएडा में रहने वाले सभी वर्गों के लोगों के लिए उनके अपने घर का सपना साकार करने में मददगार होगा।

सदस्यों ने नोएडा में ड्राइविंग टेस्ट सेंटर की आवश्यकता पर भी बल दिया। स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए नोएडा के निवासियों को दादरी तहसील जाना पड़ रहा है, जो नोएडा से लगभग 35 किलोमीटर दूर है। अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री से नोएडा में बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए भूमिगत केबलिंग की जाने की भी मांग की गई।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के खिलाफ व्यापारी आक्रोशित

## प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद डॉ. महेश शर्मा को सौंपा

**नोएडा (चेतना मंच)।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नोएडा ने संस्था के हृष्टक्र अध्यक्ष एवं जिला चेयरमैन सुनील गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष सुधीर चंद्र पोरवाल एवं पूरी कार्यकारिणी समेत भारी संख्या में उद्योगपतियों एवं व्यापारियों के साथ कैलाश हॉस्पिटल सेक्टर 27, नोएडा में सांसद डॉ. महेश शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील गुप्ता ने कहा ऑनलाइन ट्रेडिंग के कारण इसमें मुख्यत: विदेशी कंपनियां शामिल है छोटे एवं मध्यम कारोबारियो का ज्यादातर व्यापार या तो बंद हो गया है या उनके कारोबार में 75 प्रतिशत तक कमी हुई है।

उन्होंने मांग की कि वे एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर दोनों की बिजनेस मॉडल की जांच करते हुए एक सुगम रास्ता ऐसा निकाले जिसमें दोनों ही तरह के व्यापार पनप सके एवं भारत की तरक्की में सहायक हों !

डॉ महेश शर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग भाजपा का एक अभिन्न अंग हैऔर उन्होंने आश्वासन दिया कि वह अपनी तरफ से प्रधानमंत्री कार्यालय को इस ज्ञापन को भेजते हुए प्रधानमंत्री से निवेदन करेंगे कि वह व्यापारियों की समस्या का समाधान निकाले !



इस अवसर पर वरिष्ठ महासचिव अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, संरक्षक डीपी गोयल, राजकुमार गर्ग, रवि कांत मिश्रा, महासचिव राहुल भाटिया एवं अमित पोरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, संगठन महामंत्री फूल सिंह यादव, संजय खत्री कार्यालय मंत्री नवीन पोरवाल,सचिव शैलेंद्र पोरवाल, सुनील वर्मा, पं. रविकांत मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, धर्मवीर बंसल, डॉक्टर जेएस बेदी, सुरेंद्र गर्ग, रोहित श्रीवास्तव, कपिल शर्मा, अनुज कुमार, महेंद्र प्रजापति, अमित प्रजापति, राहुल शर्मा, रमेश प्रजापति, हनी पोरवाल,आशा पोद्दार, ममता तिवारी, उषा थापा, निमता नेगी, पूजा अवाना,किरण कुशवाहा, योग्यता मल्होत्रा, प्रमिला बिष्ट, रेनू बाला शर्मा, संतोष सिंह, नीतू यादव आदि कई लोग मौजूद थे।

# लापरवाही व गंदगी देखकर भड़के सीईओ!

## तीन एजेंसियों पर 4 लाख का जुर्माना, वरिष्ठ प्रबंधक को प्रतिकूल प्रविष्टि व वेतन रोकने के दिये निर्देश



**नोएडा (चेतना मंच)।** गंदगी पाये जाने तथा सफाई में लापरवाही पाये जाने पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेशएम ने तीन एजेंसियों को काली सूची में डालने के निर्देश दिये। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल के खिलाफ प्रतिकूल प्रतिविष्टि करने तथा वेतन रोकने के भी निर्देश दिए।

सीईओ को निरीक्षण के दौरान नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर-16ए की ग्रीन बेल्ट में कूड़े के ढेर मिले, जिसके चलते लॉयन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह सेक्टर-35 के सामने वेव सिटी के बाहर केसी ड्रेन में जमी सिल्ट और सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के नीचे मिले कचरे के लिए नॉर्थ इंडिया डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को भी एक लाख रुपये का पेनल्टी लगाई।सीईओ डॉ. लोकेश एम ने निरीक्षण किया।

सेक्टर-63 की स्थिति और भी चिंताजनक पाई गई, जहां नालियों में गंदगी और जगह-जगह कूड़े के ढेर मिले। इस गंभीर लापरवाही के लिए एमबीसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश दिए गए। सदरपुर सोम बाजार में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में लापरवाही बरतने वाली एजी इन्वायरो इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही सीईओ ने अन्य अफसरों और एजेंसियों को चेतावनी दी है।